# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024


- 26 जुलाई से होगा आगाज
- 11 अगस्त को समापन
- 206 देशों के 10500 से ज्यादा एथलीट
- 117 सदस्यीय भारतीय दल शामिल

पेरिस ओलंपिक का आज रंगारंग आगाज, जीत के साथ भारत की शुरुआत

## नदी किनारे इतिहास रचेगा खेलों का 'महाकुंभ'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*पेरिस ओलंपिक 2024 का उद्घाटन समारोह ऐतिहासिक होने वाला है। खेलों का 'महाकुंभ' ओलंपिक 2024 का आगाज 26 जुलाई से होगा, जिसका आयोजन 11 अगस्त तक होगा। उद्घाटन समारोह ओलंपिक इतिहास का सबसे बड़ा इवेंट होगा। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें हॉलीवुड के सुपरस्टार से लेकर दिग्गज सिंगर शामिल होंगे। यह समारोह 26 जुलाई को पेरिस, फ्रांस में रात 11 बजे आयोजित किया जाएगा। 206 देशों के 10500 से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।*

### भारत का जीत से आगाज

पेरिस। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने पेरिस ओलंपिक में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहकर टीम स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल स्थान हासिल किया है। अंकिता भकत 666 अंक से भारतीय महिला तीरंदाजों में सर्वश्रेष्ठ ▶▶| शेष पेज 4 पर

# 35 साल पुराने मामले में बड़ा फैसला, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों का भरेगा खजाना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- राज्यों के पास खदानों और खनिजयुक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि खनिजों पर देय रॉयल्टी कोई कर नहीं है। संविधान के तहत राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है। इस फैसले से छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से केंद्र द्वारा खदानों और खनिजों पर अब तक लगाए गए हजारों करोड़ रुपए के करों की वसूली पर फैसला करने का आग्रह किया था। राज्यों ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि केंद्र से करों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हालांकि दलीलों का कड़ा विरोध किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने केंद्र और राज्यों से इस पहलू पर लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा और कहा कि वह 31 जुलाई को इस मुद्दे पर फैसला करेगी। सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत के फैसले में कहा कि खनिजों पर देय 'रॉयल्टी' कर नहीं है।

### दो अलग-अलग फैसले

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने असहमतिपूर्ण फैसला दिया है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि राज्यों के पास खदानों तथा खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार नहीं है।



### छत्तीसगढ़ को करीब 300 करोड़ के फायदे का अनुमान

इधर, छत्तीसगढ़ के खनिज विभाग के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से छत्तीसगढ़ को करीब 300 करोड़ रुपए का फायदा हो सकता है। अफसरों का कहना है कि प्रदेश में वर्ष-2015 से रायल्टी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में यदि दो बार रायल्टी में बदलाव किया जाए तो प्रदेश को करीबी 600 करोड़ से अधिक का फायदा हो सकता है।

### छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों को फायदा

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह खदानों और खनिजों पर केन्द्र द्वारा अब तक लगाए गए करों की वसूली के मुद्दे पर 31 जुलाई को विचार करेगा। यह खनिज समृद्ध राज्यों की बड़ी जीत है। इससे ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान को लाभ फायदा होगा।






## मोबाइल, लैपटॉप, पेनड्राइव जब्त, छापे से मचा रहा हड़कंप

# नक्सल कनेक्शन और फंडिंग का शक, श्रमिक नेता के घर एनआईए की जांच, 1 को रांची तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

*नक्सली कनेक्शन और फंडिंग के शक पर एनआईए की टीम ने गुरुवार तड़के जामुल क्षेत्र में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेता के यहां धावा बोल दिया, इससे जामुल थाना क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम श्रमिक नेता के घर सुबह 5 बजे पहुंची। टीम ने घर के सभी सामान को खंगालने के बाद लैपटाप, पेन ड्राइव और एक मोबाइल जब्त कर लिया।*

खास खबर

जानकारी के मुताबिक लेबर कैंप जामुल वार्ड 12 निवासी छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा नेता कलादास डहरिया के निवास में अचानक एनआईए की टीम पहुंची। एनआईए टीम के साथ सीआईएसएफ भी मौजूद रही। छमुमो नेता कलादास डहरिया के घर पर टीम ने जांच की है। डहरिया रेला एनजीओ से जुड़े हुए हैं। वे छत्तीसगढ़ में यह एनजीओ चलाते हैं। यह संस्था किसान, आदिवासी और मजदूरों के संगठन के लिए काम करता है। रेला एनजीओ को देशभर से फंडिंग होती है।

एनआईए की टीम पांच वाहनों में अलग-अलग टीमों में पहुंची और दबिश दी। पांच वाहनों में पहुंची टीम ने पहले बाहर घेराबंदी की और आसपास के लोगों को रोक दिया। एनआईए की टीम ने घर में घुसते ही कलादास व उसके परिवार वालों का मोबाइल का स्विच ऑफ कर दिया। इसके बाद घर के भीतर पहुंच एक-एक सामान की जांच की गई। एनआईए ▶▶| शेष पेज 4 पर




### घर से कुछ नहीं मिला है

बताया गया है कि जब्त पेन ड्राइव में जनआंदोलन से जुड़ा एक पर्चा है। उस पर्चे में झारखंड से जुड़े कुछ लोगों के नाम भी हैं जो आंदोलन से जुड़े थे। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। डहरिया को 1 अगस्त को रांची बुलाया गया है। आज जांच के दौरान एनआईए की टीम के साथ मौके पर जामुल पुलिस, दुर्ग कलेक्टर ऑफिस से कई अफसर और तहसीलदार भी पहुंचे थे।

### रेला संगठन हमारा सांस्कृतिक काम

एनआईए की कार्रवाई पर कलादास डहरिया का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई सरकार के इशारे पर हो रही है। घर से कुछ नहीं मिला है। 1990 से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा से जुड़े हुए हैं। लगातार मजदूरों के हितों में काम करते आ रहे है। एसीसी कंपनी निजी हाथों में जाने के बाद भी हमने मजदूरों के हक की बात की, उसके आवास व सुविधाओं की बात की। कलादास का कहना है कि उनका मुंह बंद करने के ▶▶| शेष पेज 4 पर

### माओवादियों से संपर्क की सूचना पर पहुंची टीम

मिली जानकारी के मुताबिक श्रमिक नेता से एनआईए की टीम ने नक्सलियों से सांठगांठ को लेकर भी सवाल किया है। माओवादियों से संपर्क को लेकर पूछताछ की है। एनआईए ने कहा कि माओवादियों से संपर्क की सूचना है। झारखंड के कुछ संदिग्ध संस्थाओं से संपर्क की बात भी की। कलादास का कहना है नक्सलियों से सांठगांठ की बात सही नहीं है। श्रमिक नेता होने के कारण श्रमिकों के हक की बात करते हैं। हसदेव अरण्य की बात की, एसीसी जामुल में मजदूर विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं। कई लोगों के पास हमारा नंबर हो सकता है कि इसका मतलब यह नहीं कि नक्सलियों से संपर्क है।

# नगरीय निकायों के वार्ड परिसीमन पर लगाई रोक



### *सरकार से कोर्ट ने पूछा किस आधार पर कर रहे परिसीमन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने नगरीय निकायों के वार्ड परिसीमन पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर अभी निकायों का क्यों परिसीमन किया जा रहा है? प्रदेश में नगरीय निकायों के परिसीमन पश्चात दावा-आपत्ति का काम चल रहा है, किन्तु कोर्ट के आदेश बाद पूरी प्रक्रिया पर रोक लग गई है।

हाईकोर्ट में राजनांदगांव नगर निगम, कुम्हारी नगर पालिका व बेमेतरा नगर पंचायत में वार्डो के परिसीमन को चुनौती दी गई थी। तीनों याचिकाओं की प्रकृति समान थी, इसलिए हाईकोर्ट ने तीनों याचिकाओं को एकसाथ मर्ज करते हुए साथ-साथ सुनवाई प्रारंभ की। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार ने प्रदेशभर के नगरीय निकायों के वार्ड परिसीमन के लिए जो आधार ▶▶| शेष पेज 4 पर

### फिर से परिसीमन क्यों

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं के तर्कों से सहमति जताते हुए हाईकोर्ट ने पूछा कि वर्तमान में वर्ष 2024 में फिर से परिसीमन क्यों किया जा रहा है, अब क्या जरूरत पड़ गई। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जब वर्ष 2011 की जनसंख्या को आधार मानकर वर्ष 2014 व 2019 में वार्डों का परिसीमन किया गया था। जनगणना का डेटा तो आया नहीं है और वर्ष 2011 के बाद जनगणना हुई नहीं है तो फिर उसी जनगणना को आधार मानकर तीसरी बार परिसीमन कराने की जरूरत क्यों पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा की अंतिम कुंजी जारी




**नई दिल्ली।** एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक की अंतिम कुंजी जारी कर दी। इसी के साथ स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परिणाम घोषित करने का रास्ता साफ हो गया। एनटीए ने सात जुलाई को वैकल्पिक कुंजी जारी की थी। करीब एक हजार विद्यार्थियों की शिकायत वाजिब होने पर उनकी दोबारा परीक्षा 19 जुलाई को ली गई।

### लोको पायलट के लिए अब ट्रॉली बैग



**नई दिल्ली।** लोको पायलट और गार्ड को अब अपना निजी सामान और आधिकारिक उपकरण लोहे के ट्रंक में नहीं ले जाने पड़ेंगे। वे इसके बजाय ट्रॉली बैग का इस्तेमाल कर सकेंगे। बोर्ड ने 19 जुलाई को लिखे पत्र में कहा, जोनल रेलवे से अनुरोध है कि वे लोको पायलट और गार्ड को ट्रॉली बैग उपलब्ध कराने के नीतिगत निर्णय को लागू करना शुरू करें। बोर्ड ने 2006 में एक व्यापक निर्देश के साथ इस कदम की शुरुआत की थी।

### सीएसईबी के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन नहीं रहे



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन का गुरुवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। राजीव रंजन को सीने में दर्द की शिकायत के बाद एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वे जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव थे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार इंजीनियरिंग कॉलेज में शिक्षा प्राप्त की थी।

### सड़क किनारे सो रहे तीन को कुचला, दो की मौत




**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में एक तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे सो रहे तीन लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। 24 जुलाई रात 12 बजे के करीब उसके जीजा पूरन सिंह तथा दो अन्य लोग श्याम और विनोद चार मूर्ति चौकी के सामने सड़क किनारे सो रहे थे तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

### धरमलाल कौशिक, अजय और अमर अग्रवाल ने लगाए कई आरोप

**मंत्री ने कहा- जांच से संतुष्ट नहीं हुए तो अन्य को सौंपेंगे मामला**

# दवा-उपकरण खरीदी का मामला गरमाया, तीन माह में होगी जांच

### *25 शिकायतों में से 15 का निराकरण*

*कौशिक ने कहा, ये अरबों रुपए के घोटाले का मामला है। एजी रिपोर्ट के आधार पर शिकायत हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, कुल 25 शिकायत प्राप्त हुई हैं, इनमें से 15 शिकायतों का निराकरण हो गया है। दस शिकायतें प्रक्रियाधीन हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

विधानसभा में दवा और उपकरण खरीदी में अनियमितता का मामला गुरुवार को गरमाया रहा। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा, इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है, जांच होनी चाहिए? स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया कि 2021 से 2023 तक की गई खरीदी की जांच के लिए तीन आईएएस अधिकारियों की समिति जांच कर रही है। समिति तीन महीने के भीतर ▶▶| शेष पेज 4 पर






सदन में उठा मुद्दा

हरिभूमि ने उठाया था मामला, बिना मांग सप्लाई हुई, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा एक कमेटी बनाई गई

सीजीएमएससी के रिएजेंट खरीदी का मामला, मोक्षित को अरबों का काम, 329 करोड़ अभी भी बकाया

### वेरियेंट के हिसाब से रेट तय होती है

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जैसे मोबाइल है एपल, इसके कई वेरियेंट होते हैं। वेरियेंट के हिसाब से उसकी दर तय होती है, इसी तरह अलग-अलग वेरियेंट की ख़रीदी उसके स्पेसिफिकेशन के आधार पर होती है। जेम पोर्टल पर दिखाए जाने वाले स्पेसिफिकेशन और क्वालिटी में अंतर होता है। गुण-दोष का अंतर है। कौशिक ने कहा, गुण-दोष का अंतर नहीं है। यहां कमीशन का मसला है।






## विकसित भारत की परिकल्पना को करेगा साकार

# विकसित छत्तीसगढ़ की नींव बनेगा केंद्रीय बजट

**बजट विश्लेषण**



विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

■ लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव लाएगा बजट

*देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार द्वारा 23 जुलाई को पेश बजट विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करेगा। इस बजट में जनता का वह भरोसा परिलक्षित हो रहा है, जो लगातार तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपते हुए जनता-जनार्दन ने व्यक्त किया है। गरीब, वंचित, युवा, किसान, मातृशक्ति, पिछड़े और आदिवासियों समेत मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों के लिए किए गए विशेष प्रावधान विकसित भारत- विकसित छत्तीसगढ़ की नींव बनेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 का केंद्रीय बजट विकास के लिए रोजगार और कौशल विकास, सूक्ष्म, मध्यम व लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करते हुए ग्रामीण और शहरी विकास को समावेशी रूप देने वाला है।*

*इस बजट का दूरगामी लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने तथा आगामी पांच वर्षों में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मार्ग प्रशस्त करना है। देश के आर्थिक इतिहास में पहली बार औपचारिक क्षेत्र (गैर-कृषिक्षेत्र) में रोजगार सृजन हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण रोजगार-संबद्ध प्रोत्साहन योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के माध्यम से आने वाले पांच वर्षों में लगभग 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार एवं कौशल के साथ अन्य अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। एक समय था जब अकुशल श्रमिकों के लिए देश में 'काम के बदले अनाज' जैसी रोजगार की योजनाएं संचालित की जाती थीं। इस बजट में वित्तमंत्री ने पहली बार 'औपचारिक क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर रोजगार' उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना की घोषणा की है। मैं छत्तीसगढ़ में स्थित उद्योगों से आह्वान करता हूं कि इस योजना का* ▶▶| शेष पेज 4 पर

# 92 साल का दरबार हॉल, अब कहा जाएगा गणतंत्र मंडप

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दो कक्षों के नाम बदल दिए हैं। ऐतिहासिक तौर पर हमेशा उल्लेख किए जाने वाले दरबार हॉल को अब गणतंत्र मंडप कहा जाएगा तो अशोक हॉल को अशोक मंडप। इन दोनों हॉल की अपनी कहानी रही है। इन दोनों मंडपों की उम्र 92 साल हो चुकी है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सर एडविन लुटियंस ने इस भव्य राष्ट्रपति भवन को 1911 में बनाना शुरू किया और 1932 में खत्म किया। आजादी से पहले दरबार हॉल को थोर्न हॉल कहा जाता था। फिर इसे नया नाम मिला दरबार हॉल के रूप में। दरबार यानी वो कक्ष जहां प्रमुख अपने सहयोगियों और दरबारियों के साथ बैठकर सभा या मीटिंग कर सके। दरबार हॉल की भी अपनी एक कहानी है। ये हमारे सुनहरे क्षणों का भी गवाह रहा है। यहीं भारत रत्नों को अवार्ड मिलता रहा है, यहीं कई तरह की अवार्ड समारोह होते आए हैं।

## राष्ट्रपति ने बदले राष्ट्रपति भवन में दो कक्षों के नाम, अशोक हॉल बना अशोक मंडप

**दरबार हॉल पहले था थॉर्न हॉल**

जब 1932 में ये भवन बनकर तैयार हुआ तो इसे वायसराय हाउस कहा जाता था। तब इस हॉल को थोर्न हॉल का नाम दिया गया। लेकिन जब भारत आजाद हुआ तो इस कक्ष को दरबार हॉल नाम दिया गया। हालांकि इसका एक और नाम भी रहा है – सिंहासन कक्ष, जिसके बारे में कम ही लोग जानते हैं। हालांकि दरबार की जगहें काफी बड़ी होती हैं लेकिन ये हॉल छोटा है – इतना छोटा कि पदभार ग्रहण समारोह और शपथ ग्रहण समारोह के लिए जगह कम पड़ जाती है। दरबार हॉल का नाम अब गणतंत्र मंडप कर दिया गया है। ये सम्मोहित कर देने वाला कक्ष है।



**केंद्रीय गुंबद के ठीक नीचे है ये हॉल :** दरबार हॉल राष्ट्रपति भवन के सबसे भव्य कमरों में एक है, ये विशाल केंद्रीय गुंबद के नीचे ठीक नीचे बना बना मुख्य हॉल है। 1947 में देश की आजादी की रात जवाहरलाल नेहरू ने यहीं देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। फिर 1950 में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने यहीं राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

**जब नेहरू ने यहां शपथ ली :** जब नेहरू ने दरबार हॉल में शपथ ली थी, तो राष्ट्रपति भवन के विशाल प्रांगण के बाहर भीड़ उमड़ पड़ी थी, जो परिसर के अंदर जाने की कोशिश कर रही थी। हाल ही में, 2014 और 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद ने शपथ ग्रहण समारोह दरबार हॉल के बजाय राष्ट्रपति भवन के खचाखच भरे प्रांगण में आयोजित किए गए थे। अब इस हॉल को गणतंत्र मंडप के नाम से जाना जाएगा।

### अशोक हॉल कभी था बॉलरूम

अब आइए अशोक हॉल के बारे में भी जान लेते हैं, इसका नाम अब अशोक मंडप हो गया है। वैसे भारतीय स्थापत्यकला के संदर्भ में स्तंभों पर खड़े बाहरी हाल को मंडप कहते हैं, जिसमें कई तरह कार्यकलाप होते हैं। अशोक हाल का इस्तेमाल वायसराय के दौर में स्टेट बॉलरूम के रूप में होता था, ये बड़ा हॉल है। अशोक हॉल का उपयोग विदेशी देशों के मिशन प्रमुखों द्वारा परिचय पत्र प्रस्तुत करने और राष्ट्रपति द्वारा आयोजित राजकीय भोज के लिए भी होता रहा है।

## खबर संक्षेप

### 200-250 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी मनसे : राज ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने एलान किया कि उनकी पार्टी 200-250 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उन्होंने मौजूदा महायुति गठबंधन सरकार पर योजनाओं के बजट में कटौती करने का आरोप लगाया। बता दें कि 2019 के विस चुनाव में मनसे ने केवल एक सीट जीती थी।

### मस्क ने फिर किया जकरबर्ग को चैलेंज



**न्यूयार्क।** दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक और टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने एक फिर खुले आम मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग को चैलेंज दे दिया है। मस्क ने कहा कि वह फाइट के लिए तैयार हैं। मस्क ने वीडियो में कहा, वे कहीं भी, कभी भी और किसी भी रूल्स के साथ फाइट के लिए तैयार हैं।

### अंसारी की जमानत पर योगी सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार से विधायक अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर जवाब मांगा। अंसारी ने उस मामले में जमानत का अनुरोध किया है जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न लोगों को जबरन वसूली के लिए धमकाया।

## मुंबई-पुणे में बारिश से हाहाकार

# डूबीं कॉलोनियां, सड़कें-ब्रिज भी जलमग्न, बचाव के लिए उतरी सेना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ से हालात गंभीर हैं। बड़ा असर महाराष्ट्र में दिख रहा है। मुंबई, पुणे, ठाणे, पालघर सहित महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश जारी है। इसके चलते सड़कों से लेकर रेल ट्रैक तक पानी से लबालब हो चुके हैं। इसके कारण, यातायात जाम हो गया है और उड़ान और ट्रेन संचालन में देरी हो रही है। पुणे और कोल्हापुर इलाकों में स्थिति गंभीर है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं मुंबई में भी बारिश आफत बन गई है। यहां जुलाई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बारिश हुई है और कुल मिलाकर 150 सेमी से अधिक बारिश हुई है। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट सहित कई एयरलाइंस ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें यात्रियों को सूचित किया गया है कि भारी बारिश के कारण मुंबई जाने वाली उनकी कुछ उड़ानें लेट हो गई हैं।

**देश के अन्य राज्यों में भी बुरा हाल**

**गुजरात में बारिश से 8 मौतें हिमाचल में बादल फटा**

**पुणे में स्कूल बंद, मुंबई में ट्रेनें लेट, फ्लाइट्स कैंसिल**





### पुणे में 15 रिहाइशी कॉलोनियां डूबीं, 70 लोगों का किया रेस्क्यू

पुणें में 15 रिहाइशी कॉलोनियां डूब चुकी हैं, करंट से 3 मौत हो चुकी है। सभी स्कूल बंद कर दिया गया है। यहां भारतीय सेना की कई टुकड़ियां लगाई गई हैं। प्रभावित इलाकों में नाव के सहारे बचाव अभियान चलाया गया।। गुरुवार को 70 लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। अब तक लगभग 400 लोगों को निकाला जा चुका है।

### गुजरात में 8 की मौत

गुजरात में पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर जारी है। इससे वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हो गई ई। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है।

### हिमाचल में बादल फटा

शिमला। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग-तीन के एक हिस्से को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि बुधवार देर रात हुई इस घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि बुधवार रात में राज्य में कुल 15 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं।

### कर्नाटक में बढ़ा कावेरी का जलस्तर

कर्नाटक में तेज बारिश के कारण कावेरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते मैसूर में स्थित कृष्णराज सागर डैम 100 प्रतिशत क्षमता तक भर गया है। डैम में बुधवार सुबह 8 बजे तक 124.80 फीट तक पानी भर गया था। पिछले साल सीजन के इस समय तक डैम 95 फीट तक ही भरा था। इधर, मंगलुरु में बुधवार रात भारी वर्षा के बीच कोलनाड गांव के लिंगप्पय्या कडु में एक घर की दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक किशोर की मौत हो गई।

# केजरीवाल को झटका 8 अगस्त तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाले से जुड़े करप्शन के मामले में उनकी न्यायिक हिरासत 8 अगस्त तक बढ़ा दी है। इसके अलावा अदालत ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की न्यायिक हिरासत भी 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। जानकारी के लिए बता दें कि आज (25 जुलाई) अरविंद केजरीवाल की हिरासत खत्म हो रही थी। सीबीआई ने 55 वर्षीय आप नेता को 26 जून को गिरफ्तार किया था। उनकी पेशी आज तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। सीबीआई ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर आ कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में 'मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक' होने का आरोप लगाया है।





### सिसोदिया और कविता की हिरासत भी बढ़ी

दिल्ली शराब नीति मामले में अदालत ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 26 जुलाई तक बढ़ाई थी। आम आदमी पार्टी लगातार अपने नेताओं की गिरफ्तारी का विरोध कर रही है। फिलहाल अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं।

# कठुआ में जैश के दो आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में लगातार बढ़ रहे आतंकी गतिविधियों के बीच सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता मिली है। जहां कठुआ में सेना के काफिले पर हमला करने वाले जैश के आतंकी गिरोह के दो मददगार को कठुआ से सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार कर लिया है। हमले के बाद से सेना लगातार रूप से आतंकियों पर नजर बनाकर बैठे थे जिसके बाद गुरुवार को कठुआ आतंकी हमलों से जुड़े जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

### सेना के काफिले पर किया था हमला

कठुआ जिले से गिरफ्तार किए गए जानकारी के मुताबिक, कठुआ जिले के पहाड़ी इलाके से जैश-ए-मोहम्मद के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। वैज्ञानिक के इन दोनों सहयोगियों से पूछताछ से जैश-ए-मोहम्मद और रसद मदद प्रस्ताव के गिरोह में और लोगों के शामिल होने की संभावना है। बीते 10 जुलाई को कठुआ शहर से 150 किलोमीटर दूर स्थित बदनोटा गांव में सेना के वाहनों पर हमला किया गया था, जिसमें चार जवानों और एक स्थानीय टीम समेत पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए थे।

**सुरक्षाबलों का बड़ा एक्शन**



### हमले के बाद चौकन्नी हुई सेना

जानकारी के लिए बता दें कि जम्मू-कश्मीर में इन दिनों लगातार हुए हमले जैसे कि राजौरी, पुंछ, डोडा, कठुआ, रियासी और उधमपुर समेत जम्मू-कश्मीर में 40 कट्टर विदेशी कट्टरपंथियों की पहचान की गई है। यह बल 4,000 से अधिक सैनिकों के सफाये में शामिल था, जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका के तट पर समुद्री युद्ध में प्रशिक्षित सैनिक भी शामिल थे।

## हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

# कंगना रनौत की चली जाएगी संसद सदस्यता?



**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा से भाजपा सांसद कंगना रनौत के निर्वाचन को हिमाचल हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। जिसके बाद कोर्ट ने कंगना को नोटिस भेजा है। याचिका में कंगना की संसद सदस्यता को रद्द करने की मांग की गई है। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर कंगना को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने कंगना से 21 अगस्त तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। कंगना के खिलाफ यह याचिका लायक राम नेगी ने दायर की है। याचिका में उन्होंने कोर्ट से कंगना के चुनाव को रद्द करने की मांग की है। नायक वन विभाग के पूर्व कर्मचारी हैं। उन्होंने समय से पहले वीआरएस ले लिया था। नेगी का कहना है कि वह चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उसके नामांकन पत्र को मंडी के चुनाव अधिकारी ने गलत तरीके से खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता नेगी की दलील है कि अगर उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया जाता तो वो जीत जाते। याचिका में लायक राम नेगी ने कोर्ट से अपील की है कि कंगना के चुनाव को रद्द कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने मंडी सीट पर दोबारा चुनाव कराने की मांग की है।

### इस आधार पर खारिज हो सकती है याचिका

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 100 के तहत मंडी में चुनाव को दी गई चुनौती को कोर्ट की ओर से अमान्य घोषित किया जा सकता है। यह तब होगा,जब याचिकाकर्ता यह साबित करने में असफल होता है कि उसका नामांकन पत्र अवैध रूप से खारिज किया गया था। अभिनेत्री कंगना रनौत ने लोकसभा चुनाव में हिमाचल के मंडी से जीत हासिल की थी।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें
94060-21769

## एक और भारतवंशी सांसद ने किया समर्थन

# कमला हैरिस के चुनावी मैदान में आने से डेमोक्रेट्स में उत्साह

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। इसके लिए रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक की तरफ से कमला हैरिस आमने-सामने हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारतवंशी हैरिस को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने के जो बाइडन के फैसले से पार्टी के भीतर ऊर्जा और उत्साह की लहर पैदा हो गई है। अब पार्टी के पास व्हाइट हाउस को फिर से जीतने का अवसर है। सांसद कृष्णमूर्ति ने कहा, 'यह काफी रोमांचक है। मेरा मतलब है, मैं सोचता हूं कि इसके लिए कोई और शब्द नहीं है। यह काफी रोमांचक है। इस कदम से डेमोक्रेटिक पार्टी ऊर्जा और उत्साह से भर गई है।

**यह एक बहुत बड़ी बात :** पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के तीन दिनों बाद हैरिस के प्रचार अभियान ने 13 करोड़ डॉलर से अधिक की धनराशि जुटा ली है। भारतीय-अमेरिकी सांसद ने कहा, 'अगर आप हर तीन दिन में ऐसा करते हैं, तो यह बहुत अधिक रकम होगी। यह सच में एक शानदार रकम है।

### कमला शासन करने योग्य नहीं : ट्रंप



पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को कहा कि उपराष्ट्रपति शासन करने के योग्य नहीं हैं। साथ ही उन्हें उग्र तौर पर वामपंथ का समर्थन करने वाली पागल भी बताया। 78 साल के ट्रंप ने डेमोक्रेटिक की ओर से हैरिस के संभावित उम्मीदवार बनने के बाद पहली बार चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जमकर तीखा हमला बोला। कहा, 'साढ़े तीन साल से झूठ बोलने वाली कमला हैरिस बाइडन के हर गलत फैसले के पीछे रही हैं। वह उग्र तौर पर वामपंथ का समर्थन करने वाली पागल हैं। अगर उन्हें कभी पद पर आने का मौका मिला तो वह देश को तबाह कर देंगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे।'

### देश को तेजी से बर्बाद कर देंगी हैरिस

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास में सबसे उदार निर्वाचित राजनेता हैं। वह एक अति-उदारवादी राजनीतिज्ञ हैं। वह भयानक है। वह बर्नी सैंडर्स की तुलना में अधिक उदार हैं।
अगर वह कभी सत्ता में आईं, तो वह इस देश को तेजी से बर्बाद कर देंगी। वह सीमा की रखवाली करने वाली थीं, लेकिन वह कभी सीमा पर नहीं गईं।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

सभी प्रकार के रोगों का नि:शुल्क विशाल आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म परामर्श
दिनांक 21 से 28 जुलाई 2024 | सुबह 9 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
अग्रिम पंजीयन के लिए संपर्क करें 76470-97309, 98279-66617
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

रायपुर, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 9 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# धंधेबाजों ने पाटा तालाब, बस्तियों ने छीनी हरियाली
# सिकुड़ गया विराट सरोवर, अब डबरी का अहसास

*शहर में एक समय ऐसा था, जब जलाशयों से पानी छोड़ने पर शहर के तालाब भी लबालब हो जाया करते थे, लेकिन अब नाले तो खत्म हो गए और सरोवर पर भू-माफिओं का कब्जा हो गया है।*

## प्राकृतिक धरोहर को सहेजने में प्रशासन फेल

### कचहरी तालाब भी पटा

जानकारी जुटाने पर पता चला कि, दुर्ग शहर की ज्यादातर तालाब निजी बताई जा रही है। ऐसे में तालाब की जमीन को बेचने का भी सिलसिला चल रहा है। तालाब की जमीन खरीदने के बाद उसे मिट्टियों शेष पेज 4 पर

### पोलसाय पारा तालाब पर अतिक्रमण

शहर के पोलसाय पारा वार्ड में स्थित तालाब अतिक्रमण से सिकुड़ गया है। यहां दस फीट तक तालाब में अतिक्रमण हो गया है। कमर्शियल दुकान बनाने के नाम पर लोगों ने जमीन कब्जा लिया शेष पेज 4 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

हरिभूमि लाइव तीसरी किस्त

शहर के ज्यादातर तालाबों के किनारे दुकानें बन गई हैं, वहीं बीस फीट तक ठेले खोमचे वालों ने इसे व्यापार का ठिकाना बना लिया है। शहर में तीन दर्जन तालाब जिसे पूर्वजों ने धरोहर के रूप में सहेजकर रखा था, उसे आज नौकरशाहों के इशारे पर भू माफियाओं ने कब्जा कर छोटा कर दिया है। विशाल शेष पेज 4 पर



### यहां नाले में अतिक्रमण, कब्जे का सिलसिला जारी

उतई नेवई से रिसाली क्षेत्र के तालाबों को पानी सप्लाई होता है, लेकिन रिसाली इस्पात नगर, आजाद मार्केट रूआबांधा सेक्टर में कई जगहों पर माइनर को पाटकर स्लेब लगा दिया गया है। इससे पानी बाधित होता है। यहां से ठगड़ा बांध और दुर्ग शहर के तालाबों में पानी पहुंचता है। वहीं खम्हरिया पुरई से दुर्ग भिलाई, बोरसी शेष पेज 4 पर

### एनजीटी के अनुसार दुर्ग जिले में अतिक्रमित तालाब

- नगर निगम दुर्ग में हरनाबांधा तालाब
- नगर निगम दुर्ग डोंगिया तालाब
- नगर निगम दुर्ग पोलसाय तालाब
- नगर निगम भिलाई आलाबंद तालाब खम्हरिया
- बावली तालाब खम्हरिया
- छोटे डबरी तालाब खम्हरिया
- शीतला तालाब खम्हरिया
- कुरूद नगटा तालाब
- सुपेला शीतला तालाब

### कार्रवाई होगी

शहर के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए निगम पूरी तरह से तैयारी में जुटा है। एनजीटी से भी निर्देश मिले है।

\- **लोकेश चंद्राकर**, आयुक्त नगर निगम दुर्ग

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मतदान केंद्रों पर कब्जा की 925 शिकायतें



**नई दिल्ली।** विधि और कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा को बताया कि संसदीय चुनाव और विधानसभा चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर कब्जा करने की 925 शिकायतें मिलीं। इनमें से सबसे अधिक 875 शिकायतें पश्चिम बंगाल से प्राप्त हुईं। मेघवाल ने चुनाव आयोग के आंकड़ों का हवाला दिया।

### अमेरिका ने इंडिगो पर जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा ने आव्रजन उपयोगकर्ता शुल्क के भुगतान में देरी के लिए एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर जुर्माना लगाया है। हालांकि, एयरलाइन जुर्माना माफी की संभावना तलाश रही है। इंडिगो ने कहा कि उसपर 5,832.60 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

### संस्कृत पढ़ने से रोका प्रधानाचार्य पर केस दर्ज



**गुना।** मप्र के गुना शहर में एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्य के खिलाफ विद्यार्थियों को संस्कृत का श्लोक पढ़ने से रोकने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। प्रधानाचार्य ने माफी मांग ली है। कथित घटना कॉन्वेंट स्कूल में सुबह की सभा के दौरान हुई, जब तीन विद्यार्थियों ने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे भवन्तु सुखमया' का पाठ किया।

### कारगिल विजय, पूर्व सैन्य अधिकारी ने लगाई दौड़



**मुंबई।** एक भूतपूर्व महिला सैन्य अधिकारी ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर श्रीनगर से द्रास तक 160 किलोमीटर की दौड़ पूरी की है। लेफ्टिनेंट कर्नल वर्षा राय (सेवानिवृत्त) ने कहा, मैंने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले जवानों के सम्मान में यह दौड़ लगाई है।

### भारतीय सेना मंगोलिया में सैन्याभ्यास में लेगी हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना मंगोलिया में 27 जुलाई से नौ अगस्त तक चलने वाले विभिन्न देशों के संयुक्त 'खान क्वेस्ट' सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेगी। इस सैन्याभ्यास के मार्फत इन देशों की सेनाएं आपस में समन्वय बना पायेंगी। महिला अधिकारी और दो महिला सैनिकों समेत 40 सदस्यीय दल बुधवार को उलानबटोर रवाना हुआ।

वेबसाइट पर नया स्कोरकार्ड, 4 लाख छात्रों की बदल जाएगी रैंक

# बदला नीट का रिजल्ट, घट गए टॉपर
# आज से शुरू हो सकती है काउंसलिंग!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी का संशोधित परिणाम जारी होने के बाद करीब 4 लाख छात्रों की रैंक बदल जाएगी। दरअसल ये रिजल्ट 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नीट मामले की पांचवी सुनवाई के बाद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के आदेश के बाद जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रश्न नंबर 19 के दो उत्तरों की बजाय एक उत्तर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से करीब 4.20 लाख अभ्यर्थियों के 5-5 अंक घटाए गए हैं। इससे लाखों स्टूडेंट्स की रैंकिंग में बदलाव हुआ है। नीट के जरिए ही देश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमस और अन्य विभिन्न अंडर ग्रेजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला होता है। इसके अलावा मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के लिए भी अभ्यर्थी नीट यूजी परीक्षा के मार्क्स के जरिए आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल सर्विस हॉस्पिटल के बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन ले सकेंगे।

एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर दोबारा परीक्षा कराने के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि नीट-यूजी, 2024 के पूरे परिणाम में गड़बड़ी हुई थी और परीक्षा की शुचिता में प्रणालीगत उल्लंघन हुआ। शीर्ष अदालत ने 23 जुलाई को विवादों में घिरी परीक्षा को रद्द शेष पेज 4 पर

*नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट यूजी 2024 का संशोधित फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया। ऐसे में टॉपर घट जाएंगे। रिजल्ट जारी होने के बाद मेडिकल काउंसलिंग कमेटी और अन्य राज्य काउंसलिंग प्राधिकरण स्नातक प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करेगा। ऐसी उम्मीद है कि नीट काउंसलिंग 26 जुलाई से शुरू हो सकती है।*

### चार राउंड में काउंसलिंग

मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) चार राउंड में नीट यूजी काउंसलिंग 2024 आयोजित करेगी। सरकार ने कहा है कि अगर कोई उम्मीदवार किसी भी तरह के फर्जीवाड़े में लिप्त पाया जाता है तो काउंसलिंग प्रक्रिया से उसे बाहर कर दिया जाएगा। न सिर्फ काउंसलिंग के दौरान बल्कि उसके बाद भी उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। नीट यूजी काउंसलिंग 2024 प्रक्रिया के बारे में बताते हुए केंद्र ने कहा कि छात्रों को पहले और दूसरे राउंड में उनके द्वारा चुने गए प्रेफरेंस के अनुसार सीटें बदलने की अनुमति दी जाएगी। ऐसे में यदि तीसरे दौर से पहले सीटें रद्द कर दी जाती हैं, तो इसका ओवरऑल काउंसलिंग और सीट अलॉटमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। नीट काउंसलिंग का तीसरा राउंड सितंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा परीक्षा से कर दिया था इंकार** | **एनटीए की वेबसाइट पर देख सकेंगे संशोधित परिणाम**



### मेरिट सूची को संशोधित करने का दिया आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एक विवादास्पद प्रश्न के लिए आईआईटी दिल्ली के तीन विशेषज्ञों के पैनल द्वारा सुझाए गए उत्तर को सही मानते हुए अपनी मेरिट सूची को संशोधित करने के लिए भी कहा। इसने इस बात की पड़ताल की कि क्या कथित उल्लंघन प्रणालीगत स्तर पर हुआ था।

### इसलिए शुरू हुआ विवाद


परीक्षा की शुचिता पर संदेह तब पैदा हुआ जब कुल 67 छात्रों ने इतिहास में 720 अंक प्राप्त किए, जिसमें हरियाणा के एक केंद्र से छह छात्र शामिल थे। एनटीए द्वारा एक जुलाई को संशोधित परिणामों की घोषणा के बाद शीर्ष रैंक साझा करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 67 से घटकर 61 हो गई।

### इधर, केंद्रीय मंत्री ने कहा- ओछी राजनीति की हार

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को कहा कि नीट-यूजी मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला छात्रों की हार नहीं बल्कि कांग्रेस के गैरजिम्मेदाराना रवैये और ओछी राजनीति की हार है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पर्चा लीक और भ्रष्टाचार की जनक है। प्रधान ने 'एक्स' पर लिखा, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि परीक्षा की शुचिता में कोई व्यवस्थागत उल्लंघन नहीं पाया गया है। कांग्रेस को भारत सरकार पर तो नहीं पर क्या माननीय उच्च न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है? नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला विद्यार्थियों की नहीं कांग्रेस के गैरजिम्मेदाराना रवैये, कुतर्क और ओछी राजनीति की हार है। शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से राजस्थान में जब उनकी पार्टी सत्ता में थी तब हुए पेपर लीक को लेकर सवाल किया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, राजस्थान में भाजपा सरकार आने से पूर्व खटा-खट हुए पेपर लीक क्या खरगे जी के संज्ञान में नहीं हैं?

## ग्रामीणों का लाखों रुपए हड़पने का लगाया आरोप

# सरपंच और उपसरपंच को नक्सलियों का अल्टीमेटम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलियों ने सरपंच और उपसरपंच को अल्टीमेटम दिया है। नक्सली पर्चे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। नक्सल संगठन के कोंटा एरिया कमेटी सचिव ने प्रेसनोट जारी किया है। इसमें सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के रामाराम सरपंच वेट्टी हंदा व भेज्जी के उप सरपंच मडकम हुर्रा पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सरपंच वेट्टी हंदा पर बीमा योजना के नाम पर ग्रामीणों से तीन लाख रुपए बैंक में जमा कराने और शेष पेज 4 पर

- **गांव की तीन महिला के साथ जबरन अनाचार का भी बताया आरोपी**

### गांव छोड़कर जाने की चेतावनी

प्रेसनोट में दोनों पंचायत प्रतिनिधियों को उनके सभी कार्यों को छोड़कर आम जीवन जीने की चेतावनी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यदि उन्होंने अपनी हरकतें नहीं रोकीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरपंच व उपसरपंच को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया है कि अपनी गलती स्वीकार कर सुधर जाएं, नहीं तो मौत की सजा दी जाएगी।

### ग्रामीणों को दी जा रही धमकी

पर्चे में बताया गया है कि सरपंच हंदा द्वारा गांव के निर्दोष लोगों को नक्सलियों का समर्थन करने और संघम कमेटी में काम करने का आरोप लगाकर आत्मसमर्पण करने धमकी दी जा रही है। गांव में शादी और त्योहारों में भी हंदा की बात पर अमल किए जाने को कहा जा रहा है। खिलाफत करने पर पुलिस से गिरफ्तार करवाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। सरपंच पर वर्ष 2006 में सलवा जूडूम में शामिल होकर मारपीट व डराने धमकाने में आगे रहने की बात कही गई है। वहीं जिन ग्रामीणों से रुपए लिए गए हैं, उनके रुपए वापस करने कहा गया है।

# जब 18 ग्रेनेडियर्स ने रचा इतिहास, पाकिस्तानियों को खदेड़ा था पीछे

## कारगिल विजय दिवस आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय के 25 साल पूरे कर लिए। कारगिल पर फतह कर भारतीय सेना ने इतिहास रच दिया है। सेना के जवानों के जज्बे ने पाकिस्तानियों को पीछे खदेड़ दिया था। ऐसे तो कई जवानों की दास्तां हैं। इनमें से एक लेफ्टिनेंट बलवान सिंह हैं। सेना में भर्ती होने के बमुश्किल चार महीने बाद, युवा लेफ्टिनेंट बलवान सिंह ने कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी घुसपैठियों पर रणनीतिक हमले में भारतीय सेना की घातक प्लाटून को लीड किया। बलवान सिंह 4 जुलाई, 1999 को टाइगर शेष पेज 4 पर

**टाइगर हिल की वो आखिरी लड़ाई**

### 3 जुलाई 1999 की रात आखिरी लड़ाई

26 जुलाई, 1999 को ये घोषित कर दिया गया कि कारगिल युद्ध अब खत्म हो गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को बड़ी ही जांबाजी के साथ पीछे धकेल दिया था, क्योंकि उसने खुफिया तरीके से लद्दाख में अहम ऊंचाइयों वाले प्वाइंट पर कब्जा कर लिया था। रिटायर ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर जिन्होंने तोलोलिंग और टाइगर हिल की अहम लड़ाई के दौरान बटालियन की कमान संभाली थी, वो बताते हैं, 3 जुलाई 1999 की रात को 18 ग्रेनेडियर्स, जिन्हें पोल स्टार बटालियन भी कहा जाता है, उसके सैनिक टाइगर हिल पर कब्जा करने के अपने मिशन पर निकले और अगली सुबह तक उन्होंने अपना काम पूरा कर लिया था।

### पीएम मोदी आज करेंगे कारगिल का दौरा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। इस दौरान रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे। यह परियोजना लेह को सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी और पूरी होने पर यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। प्रधानमंत्री 26 जुलाई को 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सुबह नौ बजकर लगभग 20 मिनट पर कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे और कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम साव और शर्मा आज जाएंगे दिल्ली



- **27 को नीति आयोग और 28 को भाजपा की बैठक में होंगे शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा शुक्रवार रात को यहां से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। दो दिनों के दौरे में पहले दिन 27 जुलाई को वे नीति आयोग की शेष पेज 4 पर

### चमत्कारिक रूप से बच गया पायलट

**काठमांडू।** नेपाल में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में एक मात्र जिंदा बचा व्यक्ति विमान के पायलट कैप्टन मनीष राज शाक्य हैं, जो विमान में आग लगने से पहले चमत्कारिक रूप से कॉकपिट के अलग होने से सुरक्षित निकलने में सक्षम हुए। एक दिन पहले दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान का 'ब्लैक बॉक्स' बरामद कर लिया गया है और यह जांच टीम को सौंप दिया गया है। सौर्य एयरलाइंस के बॉम्बार्डियर सीआरजे-200 विमान में बुधवार को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद आग लग गई। इसमें दो चालक दल के सदस्य, एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी और एक बच्चा और उसकी मां सहित 19 लोग सवार थे।

# साहूकारी-ब्याज के लालच ने ली कांग्रेस नेता की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगढ़

बरमकेला में हुई ब्लॉक कांग्रेस नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बीते गुरुवार को सड़क पर मिली ब्लॉक कांग्रेस नेता हरिराम पटेल की लहूलुहान लाश के बाद तत्काल एक्शन में आई पुलिस ने महज 12 घंटे में इस हत्याकांड से पर्दा उठाते हुए वारदात में शामिल करीब आधा दर्जन आरोपियों को शेष पेज 4 पर

- **अत्यधिक ब्याज वसूलने से नाराज होकर की हत्या**

### आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार



### पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने मामले में हेमानंद सारथी पिता जय प्रकाश सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी हिरी थाना बरमकेला, गोकुल सिदार पिता हीरालाल सिदार उम्र 28 वर्ष निवासी सहजपाली थाना बरमकेला, मिनेन्द्र कुमार सारथी, पिता श्याम कुमार सारथी उम्र 27 वर्ष निवासी बिकमपाली ऐरीपाली मोहल्ला थाना सरिया जिला शेष पेज 4 पर

## सोना आज 1000 टूटा, चांदी 3,500 रुपए लुढ़की

# तीन दिनों में सोना 5000 रुपए सस्ता!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू बाजार में सोने की कीमतें लगातार गिर रही है। विदेशी बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के कारण आभूषण विक्रेताओं की भारी बिकवाली के बीच स्थानीय सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 1,000 रुपए लुढ़ककर 70,650 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। तीन दिन में सरकार की ओर से आए बजट ऐलान के बाद भाव 5000 रुपए प्रति दस ग्राम गिर गए है। अखिल भारतीय सर्राफा शेष पेज 4 पर

### 4 बड़े शहरों में 10 ग्राम का सोना

| शहर | 22 कैरेट | 24 कैरेट |
|---|---|---|
| दिल्ली | 64,150 रुपए | 69,950 रुपए |
| मुंबई | 64,000 रुपए | 69,820 रुपए |
| कोलकाता | 64,000 रुपए | 69,820 रुपए |
| चेन्नई | 64,300 रुपए | 70,150 रुपए |



### अंतरराष्ट्रीय बाजार का हाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में सोना 42.20 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,421.80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इसके अलावा, न्यूयॉर्क में चांदी भी 28.04 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, गुरुवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोने में गिरावट दर्ज क गई।

### इसलिए घट गए दाम

सरकार ने बजट में सोने और चांदी सहित कई उत्पादों पर सीमा शुल्क में कटौती का फैसला किया था। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।

### फिर बढ़ सकती हैं कीमतें

टैक्स घटने की वजह से सोना विदेशों से खरीदना सस्ता हो गया है। एक्सपर्ट के अनुसार, आने वाले दिनों में एक बार फिर सोने-चांदी की मांग बढ़ने की वजह से कीमतों में इजाफा होगा।

### ऐसी बारिश कि ट्रेन को भी दिखाना पड़ा रास्ता



**भोपाल।** मप्र में एक अनोखा मामला सामने आया है। भारी बारिश के कारण रेल की पटरियां भी पानी में डूब गई हैं। पटरियां नहीं दिखने के कारण एक ड्राइवर को ट्रेन चलाने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में रेलवे के कर्मचारियों ने एक तरकीब निकाली। रेलवे के कर्मचारी पटरियों के बीच में आगे-आगे चलने लगे और ड्राइवर से ट्रेन लेकर पीछे-पीछे आने को कहा। उनके द्वारा रास्ता दिखाए जाने के बाद उनके पीछे बढ़ती इस ट्रेन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## चिंतन

# आवश्यक था सोने-चांदी से कस्टम ड्यूटी घटाना

सोना चाहे कितना भी मंहगा क्यों न हो जाए, इस पीली चमकीली धातु के गहने हमेशा महिलाओं की पहली चाहत रहे हैं। बदलते ट्रेंड में आज की महिलाएं जरूरत, अवसर और बजट के हिसाब से अपने गहनों का चुनाव करती हैं, लेकिन आज भी उनमें सोने के प्रति लगाव में कोई कमी नहीं आई है। हर महिला सुंदर दिखना चाहती है और इसके लिए वह हरसंभव कोशिश करती है। गहने इसी कोशिश का हिस्सा हैं। आज की महिलाएं भारी भरकम और परंपरागत गहने केवल शादी ब्याह में पहनना पसंद करती हैं। पार्टी और अन्य अवसरों के लिए उनकी पसंद अलग होती है। मंहगाई को देखते हुए वह अपने बजट के अनुसार, गहने चुनती हैं। बदले माहौल में अब सोना न केवल गहने बनवाने, बल्कि निवेश के लिए भी बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने अपने सातवें बजट में सोने-चांदी से कस्टम ड्यूटी घटाकर महिलाओं को बड़ा उपहार दिया है। बजट ऐलान के तीन दिन बाद तक सोना 5,000 रुपये और चांदी 6,400 रुपये सस्ते हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 15 प्रतिशत से घटाकर 6 कर दिया है। इससे भाव में ये गिरावट आई है, जिसके चलते 25 जुलाई को सोना 974 रुपये गिरकर 68,177 रुपये पर आ गया है। 23 जुलाई को इसमें 3,616 रुपये और 24 जुलाई को 451 रुपये गिरावट आई थी। वहीं चांदी आज 3,061 रुपये गिरकर 81,801 रुपये प्रति किलो पर आ गई है। इससे इसकी कीमत में गिरावट देखने को मिल रही है, लेकिन आने वाले दिनों में सोने की मांग और तेजी से बढ़ेगी। वैसे भी देश में सोने के दाम आसमान छू रहे थे। इस साल अब तक सोने के दाम 4,800 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके थे। साल की शुरुआत में ये 63,352 रुपये पर था। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपये प्रति किलो पर थी। यानी चांदी इस साल 8,400 रुपये बढ़ चुकी थी। कुछ विशेषज्ञ मान रहे हैं कि बजट के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट के कारण सोने-चांदी के दाम गिर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्ती के साथ हुई। कोमैक्स पर सोना 2,398.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,415.70 डॉलर प्रति औंस था। यह 44.50 डॉलर की गिरावट के साथ 2,371.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कोमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.07 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 29.31 था। खबर लिखे जाने के समय यह 1.24 डॉलर की गिरावट के साथ 28.07 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। ऐसा लंबे समय तक रहने वाला है। जैसे ही मांग में तेजी आएगी, सोना फिर मंहगा होने लगेगा। वैसे भी देश में जल्दी ही शादियों और त्योहारों का मौसम आने वाला है। जिसके चलते सोना की मांग जोर पकड़ेगी और इसके दाम भी। हां, फिलहाल के लिए सर्राफा बाजार के व्यापारी और देश की महिलाएं बजट के बाद सोना-चांदी के दाम गिरने से काफी खुश हैं। बजट से पहले सर्राफा बाजार में भीड़ देखने को मिल रही थी। व्यापारियों को अंदेशा था कि बजट में सोना महंगा हो सकता है, लेकिन वित्तमंत्री ने कस्टम ड्यूटी घटकर उन्हें चकित कर दिया। निर्मला सीतारमण के इस फैसले से देशभर की महिलाओं ने भी राहत की सांस ली है। उन्हें लग रहा है कि केंद्र सरकार ने उन्हें तोहफा दिया है।



विश्लेषण

योगेश कुमार गोयल

# सभी वर्गों को साधता संतुलित बजट

आम बजट में सरकार का फोकस गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर दिखा है, साथ ही बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने का रोड़मैप भी पेश किया गया है। बजट पर पूरे देश की नजरें केंद्रित थी, क्योंकि खासकर आम आदमी को इससे ढेर सारी उम्मीदें थीं। लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने कहा था कि जुलाई में पूर्ण बजट में सरकार विकसित भारत के लक्ष्य का रोडमैप प्रस्तुत करेगी। महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त आम आदमी के लिए सरकार ने बड़ी राहतों का जो पिटारा खोला है, उसे देखते हुए बजट को सभी वर्गों को साधता संतुलित कहा जा सकता है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करने के साथ ही भारत की पहली ऐसी वित्तमंत्री बनने का गौरव हासिल कर लिया है, जिन्होंने लगातार सात बार भारत का बजट पेश किया है। यह निर्मला सीतारमण का 7वां और मोदी सरकार का 13वां बजट था। बजट पर पूरे देश की नजरें केंद्रित थी, क्योंकि खासकर आम आदमी को इससे ढेर सारी उम्मीदें थीं। लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने कहा था कि जुलाई में पूर्ण बजट में सरकार द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा। अंतरिम बजट में न तो आम आदमी के लिए राहत की कोई विशेष घोषणाएं हुई थी और न ही उन पर कोई बड़ा बोझ लादा गया था। आम बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ राहत देने का प्रयास किया गया है और सरकार का फोकस गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर दिखा है, साथ ही बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने का रोडमैप भी पेश किया गया है।

बजट में उन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने की भी घोषणा की गई है, जो मौजूदा समय में लोगों के निजी हितों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर रही हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए इस वर्ष बजट आवंटन 1.52 लाख करोड़ रुपये है। बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो भारत की कुल जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। वित्तमंत्री के अनुसार 2024-25 तक वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है और सरकार का लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाना है। बजट में आम लोगों से लेकर तमाम करदाता टैक्स स्लैब में कमी, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने और 80सी के तहत मिलने वाली छूट को बढ़ाए जाने की आस लगाए हुए थे। नई आयकर व्यवस्था के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपये किया गया है और टैक्स की दरों में भी बदलाव किया गया है।

वित्तमंत्री के मुताबिक नई कर व्यवस्था से सरकार को सात हजार करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा लेकिन इससे चार करोड़ वेतनभोगियों को लाभ होगा। विदेशी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत की गई है और आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा भी की गई है। हर तरह के स्टार्टअप्स के लिए एंजेल टैक्स हटाने का ऐलान किया गया है। बजट में जिन प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, उनमें रोजगार और कौशल, कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, शहरी विकास, बुनियादी ढ़ांचा, ऊर्जा सुरक्षा, अगली पीढ़ी के सुधार, विनिर्माण और सेवाएं, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, नवाचार, अनुसंधान और विकास इत्यादि शामिल हैं। रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट में युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और युवाओं को रोजगार के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम करने का ऐलान भी किया है। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के



लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपये प्रतिमाह इंटर्नशिप भत्ता और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता दी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी। वित्तमंत्री के मुताबिक यह सुविधा विकसित करने से युवा पहले की तुलना में ज्यादा कौशलयुक्त होंगे, उनके पास रोजगार के ज्यादा व्यापक साधन होंगे। वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बजट की तुलना 32 प्रतिशत ज्यादा है। उत्पादन क्षेत्र में रोजगार सृजन को पहली बार कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ी योजना के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य 50 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करना है। छात्रों को 7.5 लाख रुपये 'मॉडल स्किल लोन' का लाभ देने का ऐलान भी बजट में किया गया है। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपये के आवंटन और मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 रुपये लाख रुपये की गई है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में होंगे। अन्य विशेष घोषणाओं में शहरी आवास योजना के लिए 10 लाख करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये, सड़क सम्पर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपये, बिहार में हाईवे के लिए 26 हजार करोड़ रुपये, अमरावती के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपये, 12 औद्योगिक पार्कों को मंजूरी इत्यादि शामिल हैं। भारतीय स्पेस इकोनॉमी के लिए भारतीय अंतरिक्ष संघ और सैटकॉम उद्योग संघ ने सरकार के समक्ष कई मांगें रखी थी। बजट में अंतरिक्ष क्षेत्र में नए स्टार्टअप और रिसर्च के इनीशिएटिव को समर्थन देकर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से स्पेस इकोनॉमी के लिए एक हजार करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड स्थापित करने का प्रस्ताव है।

आम आदमी को आम बजट में की गई घोषणाओं से जहां कुछ राहत मिली है तो कुछ चीजें महंगी होने से उनकी जेब पर बोझ भी बढ़ेगा। कुछ वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी घटाने से इनके दाम सस्ते होने से लोगों को इसका लाभ मिलेगा, वहीं कुछ चीजें महंगी भी हो सकती हैं। कुछ टेलिकॉम उपकरणों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 10 से बढ़ाकर 15 फीसदी करने से इनके दाम बढ़ जाएंगे। सोलर सेल और सोलर मॉड्यूल बनाने में प्रयोग होने वाले सोलर ग्लास पर भी टैक्स बढ़ाया गया है, जिससे सोलर सिस्टम लगवाना महंगा हो सकता है। वहीं, दूसरी ओर कैंसर दवाओं और उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाने से कैंसर का इलाज सस्ता होने की उम्मीदें बढ़ी हैं।

बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 1.48 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा आवंटन है। 2023 में केंद्र सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को 112898.97 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, वह भी उस समय तक का सबसे ज्यादा आवंटन था, लेकिन इस बार सरकार ने उस आंकड़े को भी पीछे छोड़ दिया है। बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए 89287 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 88956 करोड़ रुपये के आवंटन से थोड़ा ही ज्यादा है। दरअसल वैश्विक मानकों के अनुसार किसी भी देश को स्वास्थ्य पर कम से कम 3 फीसद खर्च करना चाहिए जबकि भारत में करीब 1.3 फीसद ही खर्च हो पा रहा है। बहरहाल, महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त आम आदमी के लिए सरकार ने बजट में कुछ बड़ी राहतों का जो पिटारा खोला है, उसे देखते हुए इस बजट को सभी वर्गों को साधता संतुलित बजट कहा जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## कारगिल विजय दिवस

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सेना के अदम्य साहस एवं शौर्य को नमन करने का दिन

छब्बीस जुलाई का दिन प्रति वर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जाता है। सन 1999 में भारत और पाकिस्तानी सेनाओं के साथ मिले हुए घुसपैठिए आतंकियों के बीच कारगिल का युद्ध हुआ था। जो लगभग 60 दिनों तक चला था पाकिस्तानी सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार कर भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया था। पाकिस्तानी सेना के साथ लगभग 5000 घुसपैठियों ने कारगिल लद्दाख क्षेत्र की सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भारतीय चोटियों पर अपना कब्जा जमा लिया था। तत्कालीन पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने इस दुस्साहस को मंजूरी दी थी। भारतीय सेना ने लद्दाख के कारगिल के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में करीब 3 महीने तक चले इस से युद्ध की विजय की घोषणा करते हुए 26 जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय की सफलता का ऐलान किया था। भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन विजय कारगिल युद्ध के दौरान चलाया गया था। इस दिन भारतीय रणबांकुरों ने पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल की ऊंची चोटियों से खदेड़ कर विजय का परचम लहराया था। कारगिल विजय दिवस हमारी मातृभूमि के सम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। इस युद्ध में 500 से अधिक वीर सैनिकों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा हेतु अपना बलिदान दिया था और लगभग 1300 सैनिक इस युद्ध में घायल हुए थे। भारतीय वायु सेना ने भी कारगिल में सफेद सागर ऑपरेशन के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग 32000 फीट की ऊंचाई पर पहली बार किया था और इस युद्ध को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कारगिल विजय दिवस भारत के स्वाभिमान, अद्भुत पराक्रम एवं दृढ़ नेतृत्व का प्रतीक है। अपने प्राणों की आहुति देकर भारतीय सशस्त्र बलों ने राष्ट्र की अखंडता, अस्मिता और स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखा। 63 जवानों को उनकी अद्भुत वीरता, त्याग एवं पराक्रम के कारण परम वीर, महावीर और वीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस कारगिल के युद्ध में भारतीय सेना के अनेक अधिकारियों का सर्वोच्च बलिदान आज भी स्मरणीय है। कैप्टन योगेंद्र यादव जिन्हें देश के सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया उस समय इस योद्धा की आयु मात्र 19 वर्ष की थी जिसने बर्फीली दुर्गम चोटियों पर अपने अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को धूल चटाई थी। मानवीय संवेदना से परिपूर्ण योद्धा कैप्टन विक्रम बत्रा ने अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए इस युद्ध में श्रीनगर लेह मार्ग पर पाकिस्तानी सेना द्वारा कब्जा की हुई चोटी नंबर 5140 पर तिरंगा फहराया बुरी तरह से घायल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपना अगला लक्ष्य चोटी नं 4875 को कैप्टन विक्रम बत्रा ने फतेह करके अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। ऐसे अनेकों वीर बहादुर सैनिक इस कारगिल युद्ध में थे जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मातृभूमि की रक्षा की। प्रतिवर्ष यह कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को कारगिल के युद्ध के महामानवों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति पर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह दिन अपना सर्वस्व मातृभूमि की रक्षा हेतु समर्पित करने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करने का है। भारतीय सेना ने यह कारगिल का युद्ध अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों, कठिन भूभाग, कठोर मौसम और सीमित संसाधनों के बीच लड़ा था। हमारा दुश्मन पाकिस्तानी सेना 18000 फीट ऊंची चोटियों पर हथियार लिए बैठी थी और भारतीय सैनिकों को नीचे से दुर्गम रास्तों को पार करते हुए उन चोटियों को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त करवाना था परंतु विकट परिस्थितियों के होते हुए भी भारतीय सेना के जवानों ने असंभव को संभव बना दिया था। यह दिन भारत के सैन्य इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर था और देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिकों की वीरता का अद्भुत प्रमाण था। यह संपूर्ण राष्ट्र के गौरव एवं स्वाभिमान का द्योतक है। असंभव को संभव बनाने का अद्भुत कौशल भारतीय सैनिकों के रक्त में है। संपूर्ण विश्व के बड़े बड़े देश रूस, अमेरिका ,चीन भारतीय सेना के दुर्गम बर्फीली चोटियों पर दिखाए गए पराक्रम से अचंभित थे। तत्कालीन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने भी अपने मार्मिक भाषणों से संपूर्ण भारतीय राजनीतिक जनमानस में देश के प्रति एकता का संचार कर दिया था। कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के साहस एवं अद्भुत शौर्य को नमन करने का दिन है। भारतीय सेना की यह शौर्य गाथा प्रत्येक राष्ट्र प्रेमी को गौरवान्वित करती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित

दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बजट में मिला युवाओं को रोजगार

वर्ष 1951-52 में जब पंचवर्षीय योजना को हरी झंडी दी गई थी, तब इस पर विनोबा भावे ने कहा था कि सरकार की सभी राष्ट्रीय योजनाओं का मकसद रोजगार बढ़ाना भी होना चाहिए। केंद्र की मोदी सरकार की तीसरी पारी का आम बजट पेश हो गया। इस बार के बजट में युवाओं के रोजगार को लिए सरकार ने काफी व्यवस्था की है। वैसे तो आम बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद उन लोगों को होती है जिनको अपनी कमाई पर टैक्स की छूट मिलने की आस होती है, दूसरे जिनकी कमाई इतनी ही होती है कि घर का खर्चा मुश्किल होता है, उनको भी उम्मीद होती है कि रोजमर्रा की चीजों के दाम नीचे आने चाहिए। इस बार के बजट में बेरोजगारों की उम्मीदें फलीभूत होती दिख रही है। सरकार अगर सभी को सरकारी नौकरी न दे सके, तो निजी क्षेत्र में रोजगार का सृजन बड़े पैमाने पर करने का प्रयास किया है। *-सतीश मिश्रा, धमतरी*

## ट्रेंड

### ओलंपिक जीतने आए हैं



मैं पेरिस में ओलंपिक खेल गांव के केंद्र से आने वाले इन गहन दृश्यों को देखकर रोमांचित हूं। हमारा भारतीय मुक्केबाजी दस्ता अपनी ताकत और अथक उत्साह का प्रदर्शन कर रहा है। वे यहां जीतने के लिए आए हैं, और वे गौरव की ओर बढ़ने के लिए तैयार हैं।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### देखभाल करने स्पेन पहुंचे



गाजा से जटिल चिकित्सा स्थितियों वाले 16 लोग, जिनमें से 15 बच्चे हैं, एक निकासी प्रक्रिया के माध्यम से विशेष चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने के लिए स्पेन पहुंचे। डब्ल्यूएचओ और अनेक भागीदार।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### मोदी सरकार ने कहा नहीं



सदन में सरकार ने बताया कि 2018 के बाद हाईकोर्ट के कुल 661 जजों की नियुक्ति में मात्र 21 एससी, 12 एसटी और 78 ओबीसी वर्ग से हैं। बाकि 550 सामान्य वर्ग से हैं। जब मैंने सरकार से पूछा "न्यायपालिका में आरक्षण की कोई व्यवस्था होगी?" मोदी सरकार ने कहा नहीं।

-संजय सिंह, आप सांसद

### इकोनॉमिक ग्रोथ का समय



ये वक्त हाथ से निकलना नहीं चाहिए। क्योंकि, ये समय भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ का समय है। हर साल भारत को 10 परसेंट से ज्यादा की रेट से बढ़ना होगा। मौके ही मौके हैं स्टार्टअप्स के लिए अपने बिजनेस को बढ़ाने के।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# चीन हिंद महासागर में घुसपैठ कर रहा है


अमेरिका की एक प्रभावशाली सांसद ने दावा किया है कि चीन हिंद महासागर के प्रमुख क्षेत्रों में अपनी पैठ बना रहा है और इस जल क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से आवागमन के अधिकार में बाधा डाल रहा है, जिससे अमेरिका और दक्षिण एशिया में उसके मित्र देशों और सहयोगियों की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी संसद में मंगलवार को सत्र के दौरान महिला सांसद यंग किम ने कहा कि वैश्विक व्यापार के लिए हिंद महासागर एक महत्वपूर्ण मार्ग है जहां 80 प्रतिशत समुद्री तेल व्यापार और 40 प्रतिशत विश्व व्यापार हिंद महासागर से होकर गुजरता है। विदेश मामलों की समिति में हिंद-प्रशांत के मुद्दों से संबंधित उपसमिति की अध्यक्ष यंग ने मंगलवार को कहा, 'हम हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत के महत्व को नहीं भूल सकते।' अमेरिकी सांसद यंग किम ने कहा कि दक्षिण एशिया अमेरिकी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। किम ने कहा कि इस क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव आ रहा है, जिससे अमेरिका के समक्ष कई चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) हिंद महासागर में महत्वपूर्ण मार्गों पर कब्जा कर रही है और इस जल क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से आवागमन के अधिकार में बाधा डाल रही है।



## ऑफ बीट

# फोन की नीली रोशनी त्वचा को पहुंचा सकती है नुकसान

तो क्या फ़ोन पर स्क्रॉल करने से सचमुच आपकी त्वचा को नुकसान पहुँच सकता है? और क्या क्रीम या लोशन लगाने से मदद मिलेगी? यहां बताया गया है कि सबूत क्या कहते हैं और हमें वास्तव में किस पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। नीली रोशनी दृश्यमान प्रकाश स्पेक्ट्रम का हिस्सा है। सूर्य का प्रकाश इसका सबसे प्रबल स्रोत है। लेकिन हमारे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण - जैसे हमारे फोन, लैपटॉप और टीवी - भी इसे उत्सर्जित करते हैं, भले ही 100-1,000 गुना कम स्तर पर। यह देखते हुए कि हम इन उपकरणों का उपयोग करने में इतना समय बिताते हैं, हमारी आंखों और नींद सहित हमारे स्वास्थ्य पर नीली रोशनी के प्रभाव के बारे में कुछ चिंताएं पैदा हुई हैं। अब, हम हमारी त्वचा पर नीली रोशनी के प्रभाव के बारे में और अधिक सीख रहे हैं। नीली रोशनी त्वचा को कैसे प्रभावित करती है? त्वचा पर नीली रोशनी के प्रभाव के प्रमाण अभी भी सामने आ रहे हैं। लेकिन कुछ दिलचस्प निष्कर्ष भी हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि नीली रोशनी के संपर्क में आने से मेलेनिन का उत्पादन उत्तेजित हो सकता है, जो त्वचा को प्राकृतिक तौर पर उसका रंग देता है। इसलिए बहुत अधिक नीली रोशनी संभावित रूप से हाइपरपिग्मेंटेशन को खराब कर सकती है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# रामचरण-रणवीर के साथ मचाएंगी धमाल...

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपने प्रशंसकों के बीच बेहद प्रसिद्ध हैं। इन दिनों कियारा अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में लगातार व्यस्त हैं। कियारा की कई फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होनी हैं, जिसमें डॉन 3, से लेकर वॉर 2 और गेम चेंजर शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कियारा आडवाणी 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगी। हाल ही में कियारा आडवाणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो कि वाईआरएफ स्टूडियो का था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कियारा फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग जल्द ही शुरू करेंगी। निर्देशक फरहान अख्तर की आगामी फिल्म 'डॉन 3' में कियारा अभिनेता रणवीर सिंह के साथ एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म 'गेम चेंजर' एक आगामी भारतीय तेलुगु राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है। इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है।



फिल्म में राम चरण ने ट्रिपल भूमिकाएं निभाई हैं, जिसमें कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, समुथिरकानी और नासर जैसे कलाकार शामिल हैं। हो सकता है कि यह फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज हो। कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' में कियारा नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी के होने की बात सामने आई है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' इस साल 31 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। कियारा के फैंस उनकी हर एक फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

## 'मुहम्मद अली' गाने का टीजर हुआ जारी

**नई दिल्ली।** मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ देश के साथ-साथ विदेशों में भी अपनी आवाज से लोगों के दिलों पर राज कर रहे हैं। विदेशों में भी उनके म्यूजिक कॉन्सर्ट का जलवा ऑडियंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। दिलजीत दोसांझ और एनएलई चोप्पा का गाना मुहम्मद अली 26 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। गुरुवार को दिलजीत दोसांझ ने इस गाने की वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा, 'सरप्राइज।' दिलजीत ने इस गाने में अमेरिकी रैपर एनएलई चोप्पा के साथ कोलेब किया है। अमेरिकी रैपर एनएलई चोप्पा कैपो, वॉक एम डाउन, गो स्टुपिड और नैरो रोड जैसे अपने हिट गानों के लिए लोकप्रिय हैं। आगामी गाना मुहम्मद अली पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ के साथ उनकी पहली साझेदारी को दर्शाता है।









## सलमान होस्ट करेंगे 'बिग बॉस 18'



**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस' को लेकर दर्शकों के बीच अलग स्तर का क्रेज देखा जाता है। अब इसका अगला सीजन यानी बिग बॉस 18 शुरू होने वाला है। शो के पहले प्रतिभागी को लेकर एक टीवी अभिनेता का नाम सामने आया है। पहले कहा जा रहा था कि सलमान खान इस बार बिग बॉस का आगामी सीजन होस्ट नहीं करेंगे। लेकिन, अब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सलमान ही प्रतिभागियों से रूबरू होते दिखेंगे। इन दिनों दर्शक 'बिग बॉस ओटीटी 3' का लुत्फ उठा रहे हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' को अपना विजेता जल्द मिल जाएगा। बिग बॉस के साथ सलमान खान का नाम जुड़ गया है, क्योंकि इसके अधिकांश सीजन वही होस्ट करते आए हैं। दर्शक भी उन्हें ही होस्ट के रूप में देखना पसंद करते हैं।

## ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'मिस्टर एंड मिसेज माही'




**नई दिल्ली।** जान्हवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा 26 जुलाई की आधी रात को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। सिनेमाघरों में इसके प्रदर्शन के बाद अब सभी की निगाहें स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इसके प्रदर्शन पर होंगी। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' डॉक्टर महिमा और पूर्व क्रिकेटर महेंद्र के बीच तय की गई शादी को दर्शाती है। क्रिकेट बहुत जल्दी ही एक साझा जुनून बन जाता है। जो दर्शक सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए हैं, अब वे ओटीटी पर घर बैठे इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का निर्देशन शरण शर्मा ने किया है, जिन्होंने 'गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल' से निर्देशन की शुरुआत की थी, जिसमें जान्हवी मुख्य भूमिका में थीं।

## कश्मीर के सिनेमाघरों में इश्क फरमाने आ रहे हैं 'लैला मजनू'



**नई दिल्ली।** तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लैला मजनू'2 अगस्त को कश्मीर में फिर से रिलीज होगी। हाल ही में, आईनॉक्स श्रीनगर के इंस्टाग्राम हैंडल ने साल 2018 की फिल्म 'लैला मजनू' की फिर से रिलीज के बारे में घोषणा की। एडवांस बुकिंग जल्द ही शुरू होगी। लैला मजनू के कश्मीर में रिलीज होने की खबर से इसके कलाकार बेहद खुश हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर खुशी जताई है। तृप्ति डिमरी ने स्टोरी साझा करते हुए लिखा, 'इसके लिए बहुत उत्साहित हूं।' वहीं अन्य कलाकारों ने भी इस पर अपनी खुशी जाहिर की है। दुखद रोमांस पर आधारित फिल्म 'लैला मजनू' सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय है। इसका निर्देशन साजिद अली ने किया है।



## जैकेट के शेष

### भारत का जीत ....

रैंकिंग पर रहीं, उनके बाद भजन कौर 559 अंक से 22वें और दीपिका कुमारी 658 अंक से 23वें स्थान पर रहीं। टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन (1996) दूसरे और मैक्सिको (1986 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रही।

### नगरीय निकायों के ....

माना है। इसी आधार पर परिसीमन का कार्य करने कहा गया है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं का कहना था कि वार्ड परिसीमन के लिए बनाए गए नियमों के अनुसार अंतिम जनगणना को आधार माना गया है। राज्य सरकार ने अपने सर्कुलर में भी परिसीमन के लिए अंतिम जनगणना को आधार माना है। अधिवक्ताओं का कहना था कि राज्य सरकार ने इसके पहले वर्ष 2014 व 2019 में भी वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन का कार्य किया है। जब आधार एक ही है तो इस बार क्यों परिसीमन का कार्य किया जा रहा है।

**सरकार के तर्कों से जताई असहमतिः** इस मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई। कोर्ट के सवालों का जवाब देते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसरों ने कहा कि परिसीमन मतदाता सूची के आधार पर नहीं जनगणना को ही आधार मानकर किया जा रहा है। परिसीमन से वार्डों का क्षेत्र व नक्शा बदल जाएगा। लॉ अफसरों के तर्कों से कोर्ट ने असहमति जताई और पूछा कि वर्ष 2011 की जनगणना को आज के परिप्रेक्ष्य में आदर्श कैसे मानेंगे। दो बार परिसीमन कर लिया गया है तो तीसरी बार क्यों। मौजूदा दौर में परिसीमन कराने का कोई कारण नहीं बनता और न ही कोई औचित्य है। कोर्ट ने आपत्तियों के निराकरण और अधिसूचना जारी करने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ महाधिवक्ता व पूर्व एजी सतीशचंद्र वर्मा, अमृतो दास, रोशन अग्रवाल तथा राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता प्रवीण दास व विनय पांडेय एवं नगर पालिका कुम्हारी की तरफ से पूर्व उप महाधिवक्ता संदीप दुबे ने पैरवी की।

### नक्सल कनेक्शन और ....

को कलादास के घर से कोई संदिग्ध किस्म की वस्तु नहीं मिली है। इस दौरान एनआईए ने पेन ड्राइव, मोबाइल फोन, कलादास डहरिया की बेटी का लैपटॉप को जब्त किया। टीम ने पूछताछ के लिए कलादास डहरिया को रांची बुलाया है।

### रेला संगठन हमारा ....

लिए यह छापेमारी की गई है। उन्होंने कहा कि उन्हें 1 अगस्त को रांची बुलाया गया है। जहां उनसे पूछताछ होगी। रेला संगठन को लेकर उन्होंने कहा कि यह हमारा सांस्कृतिक काम है।

### दवा-उपकरण खरीदी ....

जांच रिपोर्ट देगी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ में बिना मांग के अरबों रुपए की दवा और उपकरण खरीदी का मामला उठाया था।

ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर ने यह मामला उठाया। उन्होंने कहा, सीजीएमएससी ने दवा और मेडिकल उपकरण की खरीदी में जमकर भ्रष्टाचार किया है। महालेखाकार ने भी अपनी रिपोर्ट में इस पर आपत्ति जताई थी। नियमों के विरुद्ध बाजार दर से अधिक कीमत पर खरीदी की गई। बिना मांग सरकारी अस्पतालों में जांच किट भेजी गई। 30 से अधिक जिलों में बिना डिमांड के रिएजेंट भेज दिया गया। इसकी ख़रीदी कई गुना अधिक दर पर की गई। लगातार शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, खुली निविदा जारी कर सीजीएमएससी ने दवा और उपकरण की ख़रीदी की है। एजी रिपोर्ट आने के बाद तथ्य देकर विभाग उसका निराकरण करता है। अन्य राज्यों राजस्थान, एमपी के कार्पोरेशन की दरों की तुलना कर खरीदी की दर तय की जाती है। पिछले तीन सालों में बगैर डिमांड के खरीदी नहीं की गई है। उन्होंने कहा, हमर लैब में लगने वाले एनालाइजर और रिएजेंट की खरीदी डिमांड आने के बाद ही की गई है। रिएजेंट कालातीत नहीं हुए हैं। राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रिएजेंट के खराब होने का आरोप सत्य नहीं हैं। ऑटो एनालाइजर मशीन की खरीदी कई गुना दर पर खरीदी का आरोप भी सही नहीं है। खुली निविदा कर एल वन प्राप्त संस्थाओं से ही खरीदी की गई है।

### डबल कीमत में खरीदी

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा कि ब्लड सैंपल की ट्यूब की खरीदी किस दर पर की गई थी? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सौ ट्यूब के एक बंडल 2352 रुपए में खरीदी बताई गई थी। अन्य संस्थानों में 8 रुपये 50 पैसे की दर पर खरीदी की गई। मोक्षित कॉर्पोरेशन से 100 रुपए की दर पर खरीदी की गई। श्री कौशिक ने कहा, सिविल सर्जन रायगढ़ ने 2.15 रुपए में ख़रीदी थी। सरगुजा में लगभग इसी दर पर ख़रीदी की थी। उन्होंने पूछा कि डी डाइमर 2022-23 में किस दर पर ख़रीदी गई थी? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सीजीएमएससी द्वारा सैकड़ों प्रकार के आइटम की खरीदी की जाती है। विशेष आयटम का बता पाना मुश्किल है। श्री कौशिक ने कहा, सीजीएमएससी ने 10 लाख 95 हजार में ख़रीदा है। आज ऑनलाइन खरीदी में पांच लाख रुपए है। ऑटो फूल्ली एलीगेटर मशीन मोक्षित कॉर्पोरेशन से 28 लाख में खरीदी गई। जैम में यह 4 लाख और ऑनलाइन खरीदी में 8050 लाख में मिल रहा है। यानी डबल दर पर खरीदी की गई।

**जांच संतुष्टिपूर्ण नहीं रही, तो अन्य एजेंसियों से जांच :** भाजपा विधायक अमर अग्रवाल ने पूछा कि दवा खरीदी और उपकरण खरीदी की डिमांड कैसे आती है और इसकी खरीदी कैसे होती है? स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर, एनएचएम द्वारा डिमांड भेजा जाता है। डिमांड के आधार पर खरीदी होती है। अमर अग्रवाल ने कहा, जहां जरूरत भी नहीं थी, उन जगहों के लिए भी डिमांड भेजी गई। सप्लायर डिमांड क्रियेट करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, तीन आईएएस अधिकारियों की टीम इस प्रकरण की जांच कर रही है। उन्होंने कहा, जांच से संतुष्ट नहीं होने पर अन्य एजेंसियों से भी जांच कराई जा सकती है।

### विकसित छत्तीसगढ़ की ....

अधिक से अधिक लाभ उन्हें उठाना चाहिए। मध्यम, लघु और कुटीर उद्योगों के लिए पूंजी और ऋण प्रावधान है। इस बजट में वित्तमंत्री ने उद्योग क्षेत्र में कार्यरत विनिर्माण और सेवाक्षेत्र के लिये क्रेडिट गारंटी की अभिनव पहल की है। वह चाहे ऋण के लिये नया मूल्यांकन मॉडल हो या तनावग्रस्त औद्योगिक इकाईयों को राहत देने के साथ सिडबी की नवीन बांचों का खोला जाना हो। यह आर्थिक विकास के लिए नीतिगत प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है। ई-कॉमर्स निर्यात हब बनाये जाने की घोषणा उत्पादों के लिए बाजार उपलब्धता को सुदृढ़ करेगा।

युवा कार्यबल हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी जी की सरकार ने एक बार फिर बजट के माध्यम से युवाओं हेतु अवसर के द्वार खोले हैं। प्रत्येक वर्ष 20 लाख युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान प्रतिमाह उन्हें पांच हजार रुपए भी प्रदान किए जाएंगे। इससे उद्योग जगत को उनकी आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन उपलब्ध होगा, वहीं युवाओं को रोजगार बाजार के मुताबिक प्रशिक्षण व अनुभव प्राप्त होने के अतिरिक्त निर्वाह हेतु भत्ता उपलब्ध रहेगा। विशेषतः तकनीकी ज्ञान वाले औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में प्रारंभ से ही यह विरोधाभास प्रचलित था कि बिना कार्य-अनुभव के नौकरी नहीं मिलती थी और बिना नौकरी के कार्य अनुभव नहीं मिलता था। इस विरोधाभास को, मैं कहूंगा कि इस "विजनरी" योजना से, युक्तियुक्तकरण कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में उद्योग के साथ-साथ कृषि का भी महत्वपूर्ण स्थान है। जलवायु में होने वाले अप्रत्याशित परिवर्तन से हमारे किसान भाई अछूते नहीं हैं। ऐसे में पर्यावरण अनुकूल कृषि से ही वह अपनी लागत कम करते हुए आमदनी बढ़ा सकते हैं। बजट में मोदी सरकार ने किसानों की खेतीबाड़ी के लिए फसलों की उच्च उपजवाली 109 नई किस्मों तथा जलवायु अनुकूल 32 नई किस्मों को जारी करने की घोषणा की है। छत्तीसगढ़ धान समेत अन्य फसलों के उन्नत बीजों की कई किस्मों के लिए जाना जाता है। ऐसे में इस बजटीय प्रावधान का प्रत्यक्ष लाभ प्रगतिशील किसानों को मिलेगा। वस्तुतः कृषि क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का आवंटन ऐतिहासिक निर्णय है।

छत्तीसगढ़ की जनसंख्या में जनजातीय समाज का अनुपात 32 प्रतिशत है। वित्तमंत्री ने बजट में जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये 'प्रधानमंत्री जनजाति उन्नत ग्राम अभियान' की घोषणा की है। यह योजना जनजातीय आबादी बाहुल्य गांव और आकांक्षी जिलों में जनजातीय परिवारों को सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त करेगी। इस योजना के अंतर्गत 5 करोड़ जनजातीय लोगों के जीवनस्तर में गुणात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से 63 हजार गांव को सम्मिलित किया जाना है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओड़िसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र समेत उत्तरपूर्व के जनजातीय समुदाय इसके प्रमुख लाभार्थी बनेंगे।

यह बजट छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं को भी नई गति देगा। बजट में राज्य से जुड़ी परियोजनाओं के लिए लगभग 6922 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। यह राशि पिछली बार के बजटीय प्रावधान 5050 करोड़ रुपये से 1872 करोड़ अधिक है। यही नहीं यूपीए सरकार के 311 करोड़ के बजट की तुलना में ये बजट 22 गुना ज्यादा है। हाल ही में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मैंने रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उनसे छत्तीसगढ़ की रेल परियोजनाओं के लिए विशेष प्रावधान करने का अनुरोध किया था। उन्होंने छत्तीसगढ़ के धर्मजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा परियोजना, अंबिकापुर-बरवाडीहलाइन, खरसिया-नयारायपुर-परमलकसा परियोजना तथा डल्ली-राजहरा-रावघाट रेल परियोजना को जल्द ही गति देने का आश्वासन दिया था। छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में कई बड़े परियोजनाओं पर काम होगा। इसमें 32 स्टेशनों के कायाकल्प के साथ जनरल कोच के मैन्यूफेक्चरिंग का बड़ा टारगेट है। इसमें कोई दो मत नहीं कि जिस तरह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रमोदी जी के नेतृत्व में देश को तरक्की को नई ऊर्जा देने का कार्य हो रहा है, उसका सर्वाधिक लाभ छत्तीसगढ़ जैसे राज्य को होगा। मोदी सरकार 3.0 के कार्यकाल का पहला बजट देश के अर्थतंत्र को ईंधन देने वाला साबित होगा।


### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य ट्रैक इंजीनियर/एस.ई.सी.आर. बिलासपुर निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा सूचना क्रमांक | अनुमानित निविदा मूल्य (रुपये में) | बयाना राशि/बोली सुरक्षा (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरक्षा बैंक के साथ गेट और पैदल यात्री सबवे लगाने का प्रावधान। सीनियर डीईएन/सेंट्रल/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत किमी-1025.00 से किमी 1130.00 तक | ENGG-CTE-BSP-02-2024-25 | 138,05,68,869.31 | 70,52,900/- |
| 2 | सुरक्षा बैंक के साथ गेट और पैदल यात्री सबवे लगाने का प्रावधान। सीनियर डीईएन/ईस्ट/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के तहत किमी-867.00 से किमी 1025.00 तक | ENGG-CTE-BSP-03-2024-25 | 187,35,76,150.28 | 95,17,900/- |

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिये बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां 14.08.2024 को 15.00 बजे तक ही जमा कर सकेंगे। मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है। विवरण हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

एस.एक्स.ई.एन./ट्रैक योजना
एस.ई.सी.आर., बिलासपुर

सीपीआरओ/10/पीआर/154

South East Central Railway @secrail



SWACHH SURVEKSHAN TULIP

### कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा जिला- दुर्ग

Fax- 0788-2284488, Email-cmobhilaicharoda@gmail.com

क्र./ /न.पा.नि./2024 भिलाई चरौदा, दिनांक

**स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05.08.2024 | 4500/- | 3 | 9977716688 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा



SWACHH SURVEKSHAN TULIP

### कार्यालय नगर पंचायत गीदम जिला- द.ब.दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0**

क्र./897/एस.बी.एम. / 2024 - 25 दिनांक 25/07/2024

**//आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक/बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 01.08.2024 | 4500.00 रू. | 02 | 9977670553 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला- द.ब. दन्तेवाड़ा (छ.ग.)



**AFFIDAVIT**

KANCHAN MANDAVI W/o Mr. MANESHWAR (NO.14441384Y), Residing at 103, village- Chawad, Post- Chawad, Teh- Narharpur, District-Kanker, Chhattisgarh- 494334, (Aadhar No.7608 5822 3647) do hereby solemnly affirm and state on Oath as follows :

a) That, I have changed name of myself from KANCHAN DEVI TO KANCHAN MANDAVI & date of birth 14/07/1983 to 13/10/1985 as per Aadhar Card.

b) That, both the Names KANCHAN DEVI and KANCHAN MANDAVI & date of birth 14/07/1983 and 13/10/1985 pertains to one and the same person.

c) That, I shall at all times hereafter in all records, deeds and writing and in all proceedings dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as KANCHAN MANDAVI and date of birth 13/10/1985 only.

d) That, what is stated above is true and correct to the best of my knowledge. information and belief, Nothing material has been concealed there from.

Place: Kanker,
Date: 16.02.2024

कंचन
Signature of Deponent



**// आम सूचना //**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आशीर्वाद बिल्डर्स एंड डेवलपर्स धमतरी जिला-धमतरी द्वारा भागीदार 1. रविन्दर सिंह बिन्द्रा पिता स्व. श्री भगवंत सिंह बिन्द्रा निवासी-विवेकानंद नगर कालोनी धमतरी, 2. यश आड़ेपवार पिता संजीव आड़ेपवार निवासी-सालेकारामा वार्ड धमतरी वालों से (श्रीमती किरण चांवड़ा पति श्री प्रभुलाल चांवड़ा पिता लकमीर भाई वगैरह से पूर्व में क्रय कर, स्वत्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया) जो ग्राम-धमतरी बस्तर रोड प.ह.नं. 33 तह. व जिला धमतरी (छ.ग.) में व्यपवर्तित भूमि स्थित है जिसका शीट नं. 07 भू-खण्ड क्र. 24/2 क्षेत्रफल 796 वर्गफीट लगान 2.00 रूपया एवं शीट नं. 07 भू-खण्ड क्र. 25 का भाग क्षेत्रफल 1313 वर्गफीट लगान 4.00 रूपया कुल रकबा 2109 वर्गफीट जिसके चतुर सीमा के उत्तर में असरानी अधिवक्ता का मकान, दक्षिण में धमतरी मुख्य मार्ग, पूर्व में भू-खण्ड क्र. 25 का भाग एवं पश्चिम में रविन्द्र सिंह बिन्द्रा का मकान व दुकान, भू-खण्ड क्र. 24/2 स्थित है। जिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी है, जिसका रजिस्ट्री कराया जाना शेष है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित लिखित में दर्ज करा देवें अन्यथा म्याद उपरांत की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी
दिनांक 25.07.2024

भवदीय
अमरचन्द जैन अधिवक्ता
आमापारा वार्ड धमतरी(छ.ग.)
(वास्ते-उपरोक्त पक्षकार)


## पेज एक के शेष

### धंधेबाजों ने पाटा...

सरोवर सिकुड़ चुके हैं। दुर्ग-भिलाई की तालाबों में हर साल सौन्दर्यीकरण के नाम पर लाखों फूंके जा रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक तंत्र अतिक्रमण से तालाबों को मुक्त नहीं कर पा रहा है। दुर्ग नगर निगम में 36 से अधिक तालाब है। जहां आज भी लोग निस्तारी करते है, लेकिन इस बीच तालाब के किनारे कब्जो से इसका स्वरूप छोटा हो रहा है। कोई दुकान बनाने के नाम पर कब्जा करने में उतारू है। हरिभूमि ने दुर्ग शहर के तालाबों का जायजा लिया। पाया गया कि, तालाब कब्जों से अपना आंचल समेटने मजबूर है। दुर्ग शहर का नयापारा पंचशील तालाब, मठपारा नया तालाब, शक्तिनगर तालाब, कातुलबोर्ड तालाब और तितुरडीह तालाब में भी अतिक्रमण नहीं थम रहा है।

**हरनाबांधा तालाब में कब्जा नहीं थम रहा :** हरनाबांधा मुक्तिधाम शीतला वार्ड में भी लोगों ने सार्वजनिक मंच बनाकर बीस फीट तक जमीन कब्जा लिया है। इसके आलावा यहां चौक पर दुकानें बनाने दस फीट तक अतिक्रमण कर लिया है। यहां तालाब के चारों और बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाकर तालाब के अस्तित्व को ही खत्म करने में कुछ लोग जुटे हुए है। यहां के लोगों ने कई बार तालाब का नाप कर अतिक्रमण मुक्त करने की भी मांग की थी।

**तालाब की जमीन पर बस्तियां बस गई :** शहर के नयापारा से गयानगर जाने वाले मार्ग में स्थित डोंगिया तालाब भी अतिक्रमण के चपेट से अस्तित्व खोता जा रहा है। बुजुर्गों की माने तो यहां तालाब में अतिक्रमण कर बस्तियां बस गई हैं। तालाब के किनारे मिट्टियां डालकर इसे कब्जा कर लिया है। यही कारण है कि, यह तालाब भी अस्तित्व बचाने की दरकार लगा रहा है। **भिलाई में तालाब किनारे बन गई बिल्डिंग :** दुर्ग के आलावा इस्पात नगरी में भी तालाब का अस्तित्व समाप्त हो रहा हैं। यहां भी तालाब किनारे बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनाकर लोग अतिक्रमण कर रहे है। भिलाई के जितने भी तालाब है, वहां इसके किनारे कमर्शियल दुकान बन गई है।

### कचहरी तालाब भी...

से पाटकर कब्जा किया जा रहा है। कलेक्टोरेट के पीछे कचहरी तालाब को मिट्टी से पाटा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, यहां पचरी बनाने ऐसा किया जा रहा है।

### पोलसाय पारा तालाब पर...

है। जिससे तालाब के चारों ओर दूर-दूर तक अतिक्रमण स्पष्ट दिख रहा है। यहां भी चारों ओर बिल्डिंग बन गई है। नगर निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन का कहना है कि, प्राकृतिक स्त्रोत को सहेजने की जिम्मेदारी निगम की है, लेकिन तालाब समाप्त होने से जल स्त्रोत कम हो रहा है। जिसका खामियाजा नई पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

### यहां नाले में ...

कालोनी के नाले को भी पाटकर अतिक्रमण कर लिया गया है। यहां तो पूर्व में बेदखली के लिए नोटिस भी दिया गया था, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। वहीं ग्राम चंदखुरी मुख्य नहर, कातुलबोर्ड से पुष्पक नगर और भिलाई क्षेत्र में भी यही स्थिति है। इस नहर से जुनवानी के आगे गांवों में पानी पहुंचता है।

### बदला नीट का...

करने और परीक्षा दोबारा कराने के अनुरोध वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था और आदेश बुधवार रात को अपलोड किया गया।

### सरपंच और उपसरपंच को...

राशि वापस न करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, वेट्टी हंदा पर ग्रामीणों से मारपीट करने और तीन महिलाओं के साथ जबरन अत्याचार करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। वहीं उप सरपंच मडकम हुर्रा पर पुलिस के साथ मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि भेज्जी के उप सरपंच मडकम हुर्रा पुलिस के संपर्क में रहकर उन्हें सहायता प्रदान कर रहा हैं। उप सरपंच पर यह भी आरोप है कि वह आने जाने वालों पर निगरानी रखते हैं और पुलिस को सूचना देकर आम लोगों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करता हैं।

### मुख्यमंत्री साय, डिप्टी...

बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक के लिए प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन और कुछ और अधिकारी भी जाएंगे। इसके बाद दूसरे दिन 28 जुलाई को भाजपा की बैठक होगी। इसमें शामिल होने के बाद 28 जुलाई की रात तक वापसी हो जाएगी। विधानसभा सत्र का शुक्रवार को अंतिम दिन है। सत्र की समाप्ति के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दोनों डिप्टी सीएम के साथ रायपुर से दिल्ली जाएंगे। रात्रि विश्राम छत्तीसगढ़ सदन में करने के बाद दूसरे दिन नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे। इसके दूसरे दिन भाजपा की बैठक में भी शामिल होंगे। इसके पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को दिल्ली बुलाया है। दिल्ली में इनकी राष्ट्रीय नेताओं के साथ चर्चा हुई है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम के साथ भी संगठन की बैठक है।

### साहूकारी-ब्याज के लालच...

गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने हरिराम को कर्ज के एवज में अत्यधिक ब्याज वसूलने से नाराज होकर जान से मारने की बात स्वीकार की है। गौरतलब है कि 24 जुलाई की सुबह लोगों ने सड़क किनारे खून से लथपथ कांग्रेस नेता की लाश देखी थी और पुलिस को सूचना दी थी।

### पकड़े गए...

सारंगढ़ बिलाईगढ़, आत्माराम सारथी पिता पिता वेगुधर उम्र 30 वर्ष निवासी कर्राकोट थाना सरिया, राजू चौहान पिता रामकृष्ण चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी हिर्री थाना बरमकेला, श्रवण कुमार सारथी पिता तिहारू उम्र 27 वर्ष निवासी तिउर खड़ीयापारा थाना खरसिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया है।

### जब 18 ग्रेनेडियर्स ने...

हिल पर कब्जा करने वाले बहादुर सैनिकों में से एक थे। बलवान सिंह अब प्रसिद्ध 18 ग्रेनेडियर्स के कर्नल हैं। वो याद करते हैं, वहां से पीछे मुड़कर नहीं देखा। टाइगर हिल पर कब्जा करने के बाद ये जीत थी। तब वे दुश्मन से लड़ते समय घायल हो गए थे, लेकिन फिर भी लड़ते रहे।

### तीन दिनों में सोना...

संघ ने कहा कि पबुधवार को सोना 71,650रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपए घटकर क्रमशः 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।


SWACHH SURVEKSHAN TULIP

### कार्यालय नगर पंचायत भैरमगढ़ जिला- बीजापुर (छ.ग.)
### स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0

क्र./218/एस.बी.एम. / 2024-25 दिनांक 25/07/2024

**// आवश्यकता//**

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईंटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 01.08.2024 | 4500.00 रू. | 02 | 9752398339 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भैरमगढ़
जिला - बीजापुर (छ.ग.)



### कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा जिला बालोद (छ.ग.)

क्र./753/नि.आ.सू./लो.नि.वि./2024 चिखलाकसा दिनांक 24/07/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली /सक्षम लेबर लाइसेंस धारी /ठेकेदार / व्यक्ति / संस्था से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा प्रपत्र ए में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 156612 | Twenty Four Skilled, Un Skilled, Non Skilled Workers Are Required For The Work in Nagar panchayat chikhalakasa (C.G.) | 24.10 | 16.08.2024 को अपरान्ह समय 05:30 बजे तक |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य आवश्यक जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व विभागीय वेबसाईट http://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलाकसा



### कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

**निविदा सूचना**

क्र./एफ/130/रो.छे./2024/103 भिलाई, दिनांक 24/07/2024

आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से रोका-छेका संकल्प अभियान अंतर्गत अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु इच्छुक एजेंसी से मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 13.08.2024 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.08.2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन दिनांक 05.08.2024 को 5:30 बजे तक निर्धारित राशि के साथ आवेदन स्वीकार किये जावेगा।

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवारा पशुओं के प्रबंधन कार्य हेतु अस्थाई रूप से अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने बाबत। (कार्य अवधि एक माह) | रु. 4,48,562.00 | रु. 4,500.00 (एफ.डी.आर.) | 750.00 रू. | एक माह | "बी" |

नियम एवं शर्तें :- (1) सशर्ते निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर डाक से स्वीकार किये जायेंगे। (3) धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से लिफाफा "क" में प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा दर लिफाफा "ख" में प्रस्तुत करना होगा। (4) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है, तो ऐसी स्थिति में अंतिम / तिथि/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा। (5) किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय एवं तिथि में कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की बेवसाईट www.bhilainagarnigam.com, संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं ई-गवर्नेस की वेबसाईट www.bhilai.urbanecg.gov.in में देखी जा सकती है। निविदा में किसी प्रकार की संशोधन सूचना मात्र निगम के वेबसाईट में प्रदर्शित की जावेगी। किसी भी समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई



### कार्यालय जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

**// विज्ञप्ति //**

क्रमांक/1180/ज.प./स्था./2024 कोयलीबेड़ा दिनांक 24/07/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अधिनस्थ निम्नलिखित जलाशय को मत्स्य पालन हेतु 10 वर्षीय लीज पर आबंटन दिये जाने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 05.08.2024 समय सध्या 5:00 बजे तक कार्यालयीन समय में आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | जलाशय का नाम | रकबा | ग्राम का नाम | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | जलाशय पीव्ही 39 | 11.09 | पीव्ही 39 | इंद्रप्रस्थ |
| 2 | जलाशय पीव्ही 30 | 11.01 | पीव्ही 30 | माटोली |
| 3 | जलाशय पीव्ही 53 | 11.94 | पीव्ही 53 | ढोरकट्टा |
| 4 | जलाशय पीव्ही 52 | 31.9 | पीव्ही 52 | जयपुर |
| 5 | जलाशय परतापुर | 16.00 | परतापुर | परतापुर |
| 6 | जलाशय सिकसोड | 52.25 | सिकसोड | सिकसोड |
| 7 | जलाशय पीव्ही 111 | 14.07 | पीव्ही 111 | विकासपल्ली |
| 8 | जलाशय पीव्ही 33 | 14.77 | पीव्ही 33 | उदयपुर |

उक्त जलाशयों का आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 07.08.2024 तक जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा में जमा करें अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा अन्य शर्तें एवं नीति निर्देश को कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा
जिला उत्तर बस्तर कांकेर


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 5583



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5582 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल- 5594

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5593 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

स्पोर्ट्स नॉलेज / अशोक जोशी

# पेरिस ओलंपिक-2024
# शुरू हो रहा खेलों का बिगेस्ट इवेंट

बच्चों, आज यानी 26 जुलाई से दुनिया का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स इवेंट ओलंपिक-2024 पेरिस में शुरू हो रहा है। इन खेलों का इतिहास सदियों पुराना है। इन खेलों में दुनिया भर से हजारों प्लेयर्स जुटते हैं और अपने स्पोर्ट टैलेंट से मेडल जीतते हैं। इन खेलों की खासियतों के साथ ही हम तुम्हें इसके लिए भारतीय प्लेयर्स की तैयारी के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।



बच्चों, यह तो तुमको पता ही होगा कि आज से फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक खेल शुरू हो रहे हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन होता है। इसमें कई प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिसमें अलग-अलग देशों के एथलीट्स/प्लेयर्स हिस्सा लेते हैं। चार साल के अंतराल पर आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों का हर खेल-प्रेमी को बेसब्री से इंतजार रहता है।

## ऐसे पड़ा इनका नाम-ओलंपिक

बच्चों, तुम्हारे मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि इस खेल आयोजन का नाम 'ओलंपिक' कैसे पड़ा? दरअसल, 'ओलंपिक' शब्द ग्रीस के एक ऐतिहासिक स्थल 'ओलंपिया' से इंस्पायर्ड है। सदियों पहले, ओलंपिया में ग्रीक देवता जीउस के सम्मान में समारोह आयोजित किए जाते थे। चार वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले इस समारोह में अन्य आयोजनों के साथ-साथ कई प्रकार की खेल गतिविधियां भी शामिल की जाती थीं, जिसमें उस दौर के अपने-अपने खेलों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लेते थे। उसी तर्ज पर आज भी हर चार साल बाद दुनिया के अलग-अलग देशों में ओलंपिक खेल आयोजित किए जाते हैं। इसमें अलग-अलग स्पोर्ट कैटेगरी में दुनिया के विभिन्न देशों के बेस्ट एथलीट्स हिस्सा लेते हैं।



## कब शुरू हुए ओलंपिक खेल

ओलंपिक खेलों की शुरुआत को लेकर अनेक मान्यताएं हैं। एक मान्यता यह है कि आज से लगभग 3,000 साल पहले ग्रीस के पेलोपोंनीस नामक स्थान से इसकी शुरुआत हुई थी। लिखित स्रोतों के अनुसार 776 ईसा पूर्व में इसकी शुरुआत ग्रीस के ओलंपिया नामक स्थान से हुई थी। पहले आधुनिक ओलंपिक गेम्स की शुरुआत 1896 में यूनान की राजधानी एथेंस से हुई थी। लेकिन इसका नियमित आयोजन 1900 के बाद से ही आरंभ हुआ। अब तक 32 बार ओलंपिक गेम्स का आयोजन हो चुका है। आज यानी 26 जुलाई से 33वें ओलंपिक खेल शुरू होने जा रहे हैं, जो 11 अगस्त तक चलेंगे।

## ओलंपिक प्रतीक के पांच रिंग्स

बच्चों, तुमने देखा होगा ओलंपिक के झंडे पर आपस में जुड़े हुए पांच रिंग्स दिखाई पड़ते हैं। ये पांच रिंग्स ओलंपिक खेलों की पहचान माने जाते हैं। वर्ष 1913 में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के संस्थापक पियरे डी कौबर्टिन की डिजाइन पर आधारित इस प्रतीक को चुना गया। इसमें एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए पांच अलग-अलग रंगों- नीला, पीला, काला, हरा और लाल रंग के रिंग होते हैं। ये पांच रिंग पांच महाद्वीपों- अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया के आपस में जुड़े रहने का संकेत करते हैं। साथ ही ये रिंग्स यह भी दिखाते हैं कि कैसे दुनिया भर के एथलीट्स, ओलंपिक गेम्स के लिए खेल भावना से एक साथ आते हैं।

## आकर्षक होते हैं ओलंपिक शुभंकर



प्रत्येक ओलंपिक आयोजन में मेजबान देश की संस्कृति (कल्चर) को रिप्रेजेंट करने वाला एक शुभंकर (मैस्कॉट) निश्चित किया जाता है। वर्ष 1932 में अमेरिका (लॉस एंजेल्स) में आयोजित ओलंपिक खेलों से मैस्कॉट शामिल करने की परंपरा शुरू हुई। जापान के टोक्यो में आयोजित पिछले समर ओलंपिक (2021) खेलों का मैस्कॉट मिरेईटोवा नामक फिक्शन कैरेक्टर था। इस बार पेरिस में आयोजित हो रहे ओलंपिक खेलों के शुभंकर का नाम 'फ्रीजेस' है। ये पारंपरिक छोटी फ्रीजियन टोपियों पर आधारित हैं। इन फ्रीजियन टोपियों को फ्रांसीसी क्रांति, फ्रांसीसी इतिहास और फ्रांस की संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। नीली आंखो वाले, लाल और सफेद फ्रीज, अपने हाथों में नीले, सफेद और लाल रंग का फ्रांसीसी तिरंगा ध्वज थामे बहुत सुंदर और आकर्षक दिखाई देते हैं।

## अनूठा होगा पेरिस ओलंपिक 2024

पेरिस ओलंपिक, पिछले ओलंपिक गेम्स की तुलना में कई मायने में अलग और विशिष्ट होगा। इनकी विशेषताओं पर एक नजर-

- पेरिस आंलपिक-2024 में 32 खेलों के 329 इवेंट्स में दुनिया के अलग-अलग देशों से 10,500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।
- पहली बार ब्रेक डांसिंग, कायक क्रॉस, काइटबॉन्डिंग, मेंस आर्टिस्टिक स्वीमिंग और मैराथन रेस वॉक मिक्स रिले जैसे खेलों को ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया है।
- पेरिस ओलंपिक के ओपनिंग सेरेमनी (उद्घाटन समारोह) का आयोजन किसी स्टेडियम में नहीं किया जाएगा। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम में नहीं होगा। शहर के बीचों-बीच सीन नदी के किनारे ओलंपिक के ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। *

### जोरदार है भारत की तैयारी





बच्चों, तुम्हें बता दें कि शुरुआत से लेकर अब तक भारत ने 24 ओलंपिक गेम्स में हिस्सा लिया है और सिल्वर, गोल्ड, ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 35 पदक जीते हैं। टोक्यो ओलंपिक-2021 में भारत ने 7 मेडल्स जीते थे, जोकि अब तक ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। इस बार के ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इसके लिए प्लेयर्स ने शानदार तैयारी की है। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के 117 एथलीट्स शामिल हो रहे हैं, इनमें 70 पुरुष और 47 महिलाएं शामिल हैं। हमारे एथलीट्स 95 ओलंपिक मेडल्स के लिए 69 स्पोर्ट-इवेंट्स में हिस्सा लेंगे। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में भारत की बैडमिंटन स्टार प्लेयर पी.वी. सिंधु और टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरथ कमल भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।

विशेषः विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस, 28 जुलाई

बच्चों, पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण में योगदान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपनी इस जिम्मेदारी को कुछ बच्चे ना केवल बखूबी समझ रहे हैं, उस दिशा में सक्रिय भी हैं।

# प्रकृति संरक्षण में जुटे ये समर्पित बच्चे

प्रेरणा / शिखर चंद जैन

बच्चों, दिनों-दिन बढ़ता पर्यावरणीय प्रदूषण, खतरे में पड़ी प्राकृतिक संपदा और ग्लोबल वार्मिंग, हम सभी के लिए चिंता का विषय हैं। इस स्थिति में सुधार के लिए दुनिया भर की कई सरकारी, गैरसरकारी संस्थाएं और संगठन तो कार्य कर ही रहे हैं। कुछ बच्चे भी इस दिशा में प्रयत्नशील हैं। ऐसे ही टीनएजर भारतीय बच्चों के बारे में तुम भी जानो।

### ईहा दीक्षित प्लांट्स बैंक की फाउंडर



ईहा 4 वर्ष की छोटी उम्र से ही पौधारोपण कर रही है। प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से ईहा ने 'ग्रीन ईहा स्माइल फाउंडेशन' नाम से अपना एक एनजीओ भी बनाया है, जिसके माध्यम से ईहा और उसके साथियों ने मिलकर अब तक 20 हजार से अधिक पौधे लगाए हैं। मेरठ (उत्तर प्रदेश) की रहने वाली ईहा ने अपने शहर में छोटे-छोटे जंगल, कई पार्क और ग्रीन बेल्ट्स का भी निर्माण करवाया है, जिससे लोगों को भरपूर छाया और स्वच्छ हवा मिले। उसने अपने घर में एक पौधा बैंक भी स्थापित किया है। पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ईहा को साल 2023 में 'अंतरराष्ट्रीय युवा ईको हीरो पुरस्कार' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### आरना वाधवान नेचर प्रोटेक्टर-इनवेंटर



'कुदरत की बेटी' नाम से मशहूर दिल्ली की रहने वाली आरना वाधवान को प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा अपने परिवार से मिली। कोविड के दौरान जब ऑक्सीजन की कमी के कारण आरना के दादाजी गुजर गए तो उसने निश्चय किया कि वह इतने पेड़ लगाएगी कि कभी ऑक्सीजन की कमी ना पड़े। आरना अब तक 8000 से अधिक पेड़ लगा चुकी है। आरना ने सौर ऊर्जा से चलने वाला पोर्टेबल अल्ट्रावायलेट लैंप 'इकोस्टेरिया' का आविष्कार भी किया है। इसके लिए आरना को साल 2022 में 'द अर्थ प्राइज स्कॉलर' अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा 2022 में ही आरना को 'भारत यूथ अवार्ड' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### कर्णव रस्तोगी एंन्वॉयर्नमेंट फाइटर-राइटर



मुंबई के रहने वाले 13 वर्षीय कर्णव रस्तोगी ने प्लास्टिक प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को बताने के लिए दो पुस्तकें लिखी हैं- 'कार्तिक डैडी एंड प्लास्टिकः ए जर्नी अबाउट फाइटिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन' और 'कार्तिक, मिक्सी, मॉन्स्टरः ए जर्नी अबाउट ओशियन पॉल्यूशन।' कर्णव ने अपनी इन उपयोगी पुस्तकों की 5000 से ज्यादा प्रतियां लोगों के बीच बांटी हैं। उसे 2023 का 'अंतरराष्ट्रीय युवा ईको हीरो पुरस्कार' भी मिला है।


### मान्या हर्ष एंन्वॉयर्नमेंट लवर-यू ट्यूबर



बैंग्लुरु की रहने वाली मान्या, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह समर्पित है। वह वॉकथन (प्राकृतिक संरक्षण के लिए जागरूकता पैदल यात्रा) और सफाई अभियानों का भी आयोजन करती है। लोगों के बीच पौधे, सीड बॉल्स और बीज बांटना, उसके डेली-रूटीन का हिस्सा है। अपने ब्लॉग और यूट्यूब चैनल 'द लिटिल एन्वॉयर्नमेंट लिस्ट' के माध्यम से भी वह बच्चों को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। *

## जीके क्विज-114

1. कारगिल विजय दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?
2. ओलंपिक खेलों में किस भारतीय खिलाड़ी ने पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था?
3. हाल ही में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री पद पर किसे चुना गया है?
4. पिछले दिनों चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में किसने शपथ ली?
5. स्टेच्यू ऑफ यूनिटी किस राज्य में स्थित है?
6. पंचतंत्र की कहानियों का लेखक किसे माना जाता है?
7. आइजोल भारत के किस राज्य की राजधानी है?
8. किस देश को 'नीले आकाश की भूमि' के रूप में जाना जाता है?
9. सबसे हल्की गैस कौन-सी होती है?
10. नीरज चोपड़ा का संबंध किस खेल से है?



बच्चों, जीके क्विज-114 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-113 का उत्तर :** 1. गौतम गंभीर, 2. 7 पदक, 3. लैक्टोबैसिलस, 4. मसूद पजेश्कियान, 5. अमित शाह, 6. जॉन मथाई, 7. गैलीलियो गैलिली, 8. स्नूकर, 9. 11 खिलाड़ी 10. कोलकाता

**जीके क्विज-113 का सही उत्तर देने वाले :** मानवी मधुकर-बिलासपुर, यदुवेंद्र-महेंद्रगढ़, कल्याणी-मुंगेली, शुभम-बिलासपुर, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, शिवम-महेंद्रगढ़, पृथ्वीराज-बिलासपुर, नारायण-मनकी लोरमी, कबीर-हिसार, रितेश-मटियारी, क्षमानिधि-बेमेतरा, अनिल-अनूपपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-रायपुर

## हंसगुल्ले

**मम्मी (पिंकी को कांच के बर्तन देते हुए) :** मुझे भरोसा है कि तुम इसे संभाल कर रखोगी।
थोड़ी देर बाद किचेन से कुछ गिरने की आवाज आई।
**मम्मी :** अरे, क्या तोड़ा?
**पिंकी :** आपका भरोसा।

-दिव्या, रोहतक

**टीचर :** तुम इतने दिनों से स्कूल क्यों नहीं आ रहे थे?
**रोहन :** बर्ड फ्लू हो गया था मैम।
**टीचर :** बहाने मत बनाओ। बर्ड फ्लू तो पक्षियों को होता है, इंसानों को नहीं।
**रोहन :** मैम, आप रोज मुझे मुर्गा बना देती हैं, इसलिए मुझे बर्ड फ्लू हो गया था।

-साकेत, रायपुर


**चिंटू :** यार, ये डॉक्टर लोग ऑपरेशन से पहले पेशेंट को बेहोश क्यों करते हैं?
**मिंटू :** तुम्हें इतना भी नहीं पता, ऐसा वो इसलिए करते हैं ताकि पेशेंट कहीं ऑपरेशन करना सीख ना ले।

-अमन, कोरबा

भाइयों में सच्चा प्यार तभी कहा जाएगा, जब एक भाई, दूसरे भाई की परेशानी को बिना बताए ही समझे, सिर्फ समझे ही नहीं, परेशानी को खामोशी के साथ दूर भी करे। ऐसे ही दो भाइयों की कहानी, जो बताती है कि अगर भाई आपस में प्रेम करें, एक- दूसरे का ध्यान रखें तो जीवन में आई हर परेशानी या संकट को दूर होते देर नहीं लगेगी।

जार्जिया की लोककथा
विमला रस्तोगी

# भाइयों का प्यार



पुराने समय की बात है। जार्जिया के एक गांव में बहुत गरीब दंपति रहते थे। उनके दो बेटे थे। पति-पत्नी दोनों दिनभर कड़ी मेहनत करते। जैसे-तैसे अपने परिवार का पालन-पोषण करते। उन्होंने अपने दोनों बेटों को सदा मेहनत करने की सीख दी। यही बताया कि मेहनत का फल मीठा होता है। समय बीतता गया। बेटे बड़े हो गए तो उन्होंने मां-बाप के काम में हाथ बंटाया। इससे गरीबी कम हुई। ठीक तरह से गुजारा होने लगा। मां बड़े बेटे पर विवाह के लिए जोर डालने लगी। बेटे ने पहले तो विवाह से इंकार किया, लेकिन बाद में उसे मां की बात माननी पड़ी। मां ने गांव की ही एक अच्छी-सी लड़की से उसका विवाह कर दिया। बहू स्वभाव की बहुत अच्छी थी। सुबह-सवेरे उठती और घर के सब काम निबटाती। बड़ा बेटा भी खेत पर मेहनत से काम करता।

उधर छोटे लड़के ने मेहनत करके जो पैसा कमाया, उससे गांव के किनारे एक छोटा-सा घर बना लिया। अब वह एक बैलगाड़ी खरीदने का सपना देखा करता। अपने सपने को पूरा करने के लिए उसने एक अमीर व्यक्ति के घर नौकरी कर ली। अमीर उसके काम से खुश रहता। छोटा भाई बैलगाड़ी खरीदने के लिए पैसा जमा कर रहा था। धीरे-धीरे उसने इतनी बचत कर ली कि एक बैलगाड़ी खरीदी जा सके। बैलगाड़ी खरीद कर उसे बड़ी खुशी मिली। फिर उसने भी शादी कर ली। माता-पिता ने आशीर्वाद दिया। मां बोली, 'खूब फलो-फूलो।' पिता ने कहा, 'तुम दोनों भाइयों में आपस में प्यार बना रहे।'

एक दिन अचानक अमीर व्यक्ति की मृत्यु हो गई। छोटे भाई की नौकरी छूट गई। अब उसने बड़े भाई के साथ खेतों पर पूरा ध्यान देना शुरू किया। लेकिन विवाह के बाद परिवार बढ़ने पर गुजारे में मुश्किल होने लगी। वह बहुत आशावान था, सोचता था कभी-न-कभी अच्छे दिन आएंगे। इसी आशा में समय बीतता गया। उधर उसके बड़े भाई की भी आमदनी ज्यादा नहीं थी। विवाह के बाद उसके भी खर्चे बढ़ गए थे, साथ में माता-पिता रहते थे। उनका भी खर्चा था। अच्छे दिन आने की उम्मीद में वह खूब मेहनत करता। सूरज निकलने से पहले ही खेत पर चला जाता और सांझ ढले आता। एक साल बिल्कुल वर्षा नहीं हुई। गांव के सभी लोग परेशान थे। सूरज की तेज गर्मी फसल को झुलसा रही थी। गांव वालों की निगाहें आसमान पर लगी रहतीं, लेकिन आसमान में कहीं भी बादल नहीं दिखाई देते थे। गांव में सूखा पड़ गया। बड़ा भाई केवल बीस गट्ठे अनाज ही घर ला सका। यही हाल छोटे भाई का भी था, वह भी बीस गट्ठे अनाज ही घर ला सका। ऐसे समय में छोटे भाई को फौरन बड़े भाई का ध्यान आया, वह सोचने लगा, 'भाई का परिवार मेरे परिवार से बड़ा है। मां और पिता भी उसके साथ रहते हैं। क्यों न अपने कुछ गट्ठे उसे दे आऊं।' छोटा भाई जानता था कि बड़ा भाई उससे अनाज नहीं लेगा और अनाज उसे देना भी जरूरी है। वह कोई उपाय सोचने लगा, एकाएक उसे एक उपाय सूझा, वह अंधेरा होने का इंतजार करने लगा। जैसे ही अंधेरा हुआ, छोटे भाई ने दो गट्ठे अपने सिर पर उठाए और बड़े भाई के घर की तरफ चल पड़ा। अंधेरी रात थी, रास्ते में उसे कोई नहीं मिला केवल एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसने अपने सिर पर अनाज के गट्ठे उठाए हुए थे। उसका मुंह दिखाई नहीं दे रहा था। छोटा भाई बड़े भाई के घर के पिछवाड़े पहुंचा और चुपचाप अपने दोनों गट्ठे उसके अनाज के गट्ठों में मिला दिए। खुशी-खुशी घर लौट आया, लेकिन जब घर आकर देखा तो उसे बड़ी हैरानी हुई, वहां अब भी अनाज के बीस गट्ठे ही थे। 'यह कैसे हो सकता है?' वह हैरान था।

छोटे भाई ने फिर अनाज के गट्ठे उठाए। इस बार उसने चार गट्ठे सिर पर रखे और भाई के घर की तरफ चल पड़ा। वह रात के अंधेरे में ही यह काम करना चाहता था। इस बार भी उसे रास्ते में सिर पर अनाज के गट्ठे लिए एक व्यक्ति दिखाई दिया। अंधेरा था, वे दोनों आपस में टकरा गए। उस व्यक्ति के सिर से गट्ठे जमीन पर गिर गए। छोटा भाई उसे देख कर हैरान रह गया। वह व्यक्ति कोई और नहीं उसका बड़ा भाई ही था। बड़े भाई ने भी अप्रत्यक्ष रूप से छोटे भाई की सहायता करने की सोची थी। वह भी रात के अंधेरे में चुपचाप अनाज अपने छोटे भाई के घर रख जाना चाहता था।

दोनों भाइयों ने एक-दूसरे को अपने मन में आए विचार के बारे में बताया तो दोनों गदगद हो गए। उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। एक-दूसरे को गले से लगा लिया। इन दोनों भाइयों का प्यार गांव वालों के लिए मिसाल बन गया। *

कविता
श्याम सुंदर श्रीवास्तव 'कोमल'



## टिप-टिप का संगीत

मेंढक छेड़े राग सुरीला,
कोयल गाए गाना।
अहा! गिरी वर्षा की बूंदें,
ज्यों तबले पर थाप।
बालकनी से देखे रानी,
खड़े-खड़े चुपचाप।
मन को हर लेता है टिप-टिप
का संगीत सुहाना।
खड़े भीगते पेड़ झूमते,
मन में उठे हिलोर।
हवा बहे लय-ताल मिलाकर,
करती मधुरिम शोर।
ऐसे में भाता है चातक,
का स्वर मधुर मिलाना।
सभी पंछियों का मधुरिम स्वर,
रहा मधुर रस घोल।
वातावरण सरस करते हैं,
झींगुर जी के बोल।
क्या कहने ऐसे में मेंढक
जी का मधु टर्राना।

## रंग भरो-155

रंग भरो-155 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आतिया, बहादुरगढ़



निधि, नरनौल



समर्थ, रायपुर



लुकेश, कांकेर



हनी, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमिका-बागबाहरा, डॉली-मटियारी, पलक-धमतरी, पृथ्वी-बिलासपुर, रुपाली-जांजगीर, शुभम-बिलासपुर, सुयश-बिलासपुर, ट्विंकल-रेवाड़ी, अंजलि-ईमेल से, वेदिका-बालोद, लक्षिका-कांकेर, अंजलि-रोहतक, तृप्ति-रायपुर, नेहा-बेमेतरा


## रंग भरो 156




बच्चों, यहां क्लासरूम में बैठे हुए कुछ स्टूडेंट्स का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही चित्र पहचानो

बच्चों, यहां इस चित्र में एक बिल्ली की परछाई दिख रही है। इसके बगल में तीन बिल्लियों के चित्र दिए गए हैं। इन तीनों चित्रों को ध्यान से देखकर बताओ कि यह किस चित्र की परछाई है?






उत्तरः 2

## झारखंड में दस प्रतिशत घटी आदिवासी आबादी, एनआरसी लागू होः निशिकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बांग्लादेश से घुसपैठ बढ़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं। हमारे क्षेत्र में 100 आदिवासी 'मुखिया' हैं, लेकिन उनके पति मुसलमान हैं। निशिकांत दुबे ने आगे कहा कि घुसपैठ पर झारखंड पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। बिहार के किशनगंज, अररिया, कटिहार जिले, पश्चिम बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया जाए और एनआरसी लागू कर दिया जाए, नहीं तो हिंदू गायब हो जाएंगे। उन्होंने इस दौरान अपील की और कुछ नहीं हो रहा है, तो वहां सदन की कमेटी भेजकर विधि आयोग की 2010 की रिपोर्ट लागू कर दी जाए कि धर्म परिवर्तन और शादी के लिए अनुमति जरूरी है।

## जोशी ने की अध्यक्ष पद छोड़ने की पेशकश!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकेश पार्टी हाईकामन से की है। माना जा रहा है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उनका इस्तीफा स्वीकार कर सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि जोशी की जगह प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए किरोड़ी लाल मीणा से लेकर मदन राठौड़, प्रभुलाल सैनी और राजेंद्र गहलोत के नामों की चर्चा चल रही है। बताया जा रहा है कि भाजपा हाईकमान लोकसभा चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस की कई सीटों पर जीत के बाद अध्यक्ष बदलने पर विचार कर रहा है।

### लोकसभा में गूंजा अर्धसैनिक बलों के लिए पुरानी पेंशन का मुद्दा

# केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' मानें, 'पुरानी पेंशन' लागू हो

### हर राज्य में 'राज्य अर्धसैनिक बोर्ड' का गठन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



**ओपीएस का सवाल गहराया**

संसद के मानसून सत्र में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के संबंध में मुद्दा गरम रहा। गुरुवार को रोहतक के लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लिए पुरानी पेंशन की मांग उठाई। उन्होंने कहा, ये बल देश की सुरक्षा करते हैं, यहां तक कि संसद भवन की रक्षा का दायित्व भी यही बल निभाते हैं।

इन्हें 100 दिन का अवकाश मिले। हर राज्य में सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पर 'राज्य अर्धसैनिक बोर्ड' का गठन हो। सपा के ही धर्मेंद्र यादव ने कहा, जब भाजपा विपक्ष में रही तो ओपीएस की बात करती रही। यह सरकार अब 11 वां बजट पेश कर रही है। देश के सरकारी कर्मचारी, पुरानी पेंशन के लिए परेशान हैं। सरकार, ओपीएस की चर्चा ही नहीं कर रही। यादव ने कहा, सीमा पर जवान शहादत झेल रहे हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों को पुरानी पेंशन दी जाए।

### लंबे समय से 'पुरानी पेंशन बहाली' की मांग

*हुड्डा ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कंधों पर न सिर्फ कश्मीर से लेकर उत्तर पूर्व तक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, सीमा, बंदरगाह व एयरपोर्ट के अलावा संसद भवन की सुरक्षा का दायित्व भी है। इन बलों में सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, एनएसजी व असम राइफल शामिल हैं। इन बलों में लंबे समय से 'पुरानी पेंशन बहाली' की मांग की जा रही है। जब देश में नई पेंशन स्कीम लागू की गई तो उस वक्त कहा गया है कि नई पेंशन स्कीम, 'भारत संघ के सशस्त्र बलों' को छोड़कर, अन्य सभी कर्मचारी इसके दायरे में आएंगे। तब सेना के तीनों अंगों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' मान लिया गया। उन्हें पुरानी पेंशन के दायरे में रखा गया।*

**हवाई टिकट पर स्पीकर बिरला बोले**

### यह गंभीर मसला, मंत्री ध्यान दें



लोकसभा की कार्यवाही के दौरान स्पीकर ओम बिरला ने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वह देखें कि आखिर हवाई यात्रा के टिकट बुकिंग के दौरान अचानक क्यों बढ़ जाते हैं? उन्होंने कहा कि यह ऐसा मुद्दा है, जो बेहद गंभीर है और चिंता बढ़ाने वाला है। दरअसल डीएमके के सांसद दयानिधि मारन ने इसे लेकर एक सवाल उठाया था, जिस पर स्पीकर ने यह बात कही।

**सब्जियों की बढ़ती कीमतों पर सरकार ने कहा**

### यह अस्थाई, जल्द नियंत्रण में आएंगी



देश में कुछ सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में लगातार इजाफा हो रहा है। इनकी खुदरा कीमत 58 फीसदी तक बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार ने दावा किया है कि यह स्थिति अस्थाई है। कीमतें जल्द ही नियंत्रण में आ जाएगी। खराब मौसम, जलाशयों का गिरते स्तर और फसल नुकसान ने कृषि उत्पादन को प्रभावित किया है।

**अमृतपाल पर बोले चन्नी**

### सांसद सलाखों के पीछे, यह भी इमरजेंसी है: चन्नी



पंजाब के पूर्व सीएम और कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख और खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंहपर कहा कि वह कहते हैं, वे हर दिन आपातकाल के बारे में बोलते हैं।लेकिन आज देश में अघोषित आपातकाल के बारे में क्या? यह भी आपातकाल है कि पंजाब में 20 लाख लोगों द्वारा एक सांसद के रूप में चुना गया व्यक्ति एनएसए के तहत सलाखों के पीछे है।

**इन्होंने भी सरकार को घेरा**

### परेशानी का सबब बना एमएसपी: सुरजेवाला



कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में एमएसपी किसानों के लिए 'सर्वाधिक परेशानी' का सबब बन गया है। उन्होंने कहा कि बजट कृषि गतिविधियों से जुड़े लोगों के मुद्दों का समाधान करने में विफल रहा है। यह बजट गठबंधन सरकार को बचाने, सहयोगियों को खुश करने और हार का बदला लेने का प्रयास है।

## नीति आयोग की बैठक में विपक्षी राज्य नहीं होंगे शामिल !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- राज्यों के साथ भेदभाव के मसले को तूल देगा विपक्षी गठबंधन

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नीति आयोग की बैठक में पहली बार होगा कि विपक्षी दलों द्वारा शासित एक भी राज्यों के मुख्यमंत्री शिरकत नहीं करेंगे। विपक्षी मुख्यमंत्रियों की शिकायत है कि केंद्रीय योजनाओं की राशि जारी करने में उनके राज्यों के साथ लगातार भेदभाव हो रहा है। कांग्रेस शासित कर्नाटक, हिमाचल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने बैठक से दूर रहने की घोषणा कर दी है। उसी तर्ज पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में नहीं शामिल होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संदर्भ में सूत्रों ने बताया कि वो शुक्रवार को दिल्ली पहुंचेंगी। शनिवार को नीति आयोग की बैठक में जाएंगी मगर, भेदभाव संबंधित अपना लिखित विरोध दर्ज कराने के बाद वॉकआउट कर जाएंगी। ऐसी उम्मीद थी कि संभावित बैठक में मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य सरकार को लंबित केंद्रीय बकाये के बारे में चर्चा करेंगी।

## बढ़ते आतंकी हमलों के बीच सेनाप्रमुख ने एलओसी पर परखी सुरक्षा तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी गुरुवार को एक बार फिर से कश्मीर घाटी से लगे भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के इलाके में पहुंचे और यहां उन्होंने सुरक्षा हालात और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अभियान चला रही सेना की टुकड़ियों की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक आधार पर समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने सेना के तमाम कमांडरों और ग्राउंड पर तैनात सैन्य कर्मियों से भी मुलाकात की। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इस जुलाई महीने में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की आठ बड़ी घटनाएं हुई हैं।

**खास बात**

- बीते करीब सप्ताह भर से भी कम समय में दूसरी बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर सेनाप्रमुख

### पीएम की यात्रा से पहले पहुंचे कारगिल

बीते करीब सप्ताह भर के अंदर यह दूसरी बार है जब सेनाप्रमुख जम्मू-कश्मीर के दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले पिछले सप्ताह के अंत में भी उन्होंने एलओसी पर सुरक्षा हालात का जायजा लिया था। सेना ने बताया कि सेनाप्रमुख जनरल द्विवेदी ने आपात सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए जारी सभी रैंक के उच्च स्तरीय मानकों और व्यावसायिकता की सराहना की। इसके बाद वह द्रास (कारगिल) पहुंचे और वहां उन्होंने पूर्व सैन्यकर्मियों और उनके परिजनों से मुलाकात की।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**Vandana Global**
Leading the New
An Integrated Steel Plant Since 1996
हमारे संस्थान में निम्नलिखित पदों पर उपयुक्त उम्मीदवारों की आवश्यकता है:

**स्पंज आयरन यूनिट**
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक - DRI -1
प्रबंधक - शिफ्ट प्रक्रिया -1
शिफ्ट इंचार्ज प्रोसेस -1
केमिस्ट -3
वरिष्ठ फिटर/ फिटर- मैकेनिकल -5
रिगर -4

**रोलिंग मिल**
मुख्य पुल्पिट ऑपरेटर (ऑपरेशंस) - 2
फर्नेस इंचार्ज आरएचएफ (ऑपरेशंस) - 1
शिफ्ट इंचार्ज ऑपरेशंस -1
इंजीनियर हाइड्रोलिक मैकेनिकल - 2
फिटर- मैकेनिकल -7
टेक्नीशियंस - मैकेनिकल -4
शिफ्ट इंजीनियर इलेक्ट्रिकल -1
वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रीशियन - 8
शिफ्ट इंचार्ज क्वालिटी -1
ऑनलाइन कंट्रोल सुपरवाइजर -3
यूटीएम शॉप फ्लोर ऑपरेटर -2

**स्टील मेल्टिंग शॉप**
सामान्य मैंटेनेंस इंजीनियर - मैकेनिकल - 2
फोरमैन -1
वरिष्ठ फिटर/ फिटर -5
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक इलेक्ट्रिकल -1
वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रीशियन - 8
क्वालिटी इंजीनियर -2
शिफ्ट केमिस्ट -2
स्पेक्ट्रो इंचार्ज -2

**कैप्टिव पावर प्लांट यूनिट**
इंस्ट्रूमेंट इंजीनियर - E&I -3
वरिष्ठ इंजीनियर / जूनियर इंजीनियर E&I -5
शिफ्ट इंचार्ज - O&M -2
वरिष्ठ इंजीनियर / इंजीनियर ] - सोलर मेंटेनेंस -2
इंस्ट्रूमेंट टेक्नीशियन E&I -3
बॉयलर अटेंडेंट ग्रेड 1 / 2-O&M -4
फिटर बॉयलर / CHP- O&M -5
फ़ेब्रिकेटर फिटर - O&M -5

**फेरो अलॉय यूनिट**
वरिष्ठ प्रबंधक / प्रबंधक / उप प्रबंधक (RMHS) -1
टैपर फोरमैन -2
फिटर सह वेल्डर -5

**ऑटोमोबाइल**
शिफ्ट इंचार्ज ऑटोमोबाइल -3
मैकेनिक ऑटोमोबाइल -5
**प्रशासनिक- सुरक्षा गार्ड** - 20
(ट्रांसजेंडर को भी प्राथमिकता)

इच्छुक उम्मीदवारों को अपने रिज्युमे, शैक्षणिकप्रमाणपत्रों, नवीनतम वेतन विवरण और पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ्स के साथ 29 और 30 जुलाई 2024 को सुबह 9.30 बजे से शाम 4.00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर वॉक-इन इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है।
**वंदना ग्लोबल लिमिटेड**
सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र फेस -II, रायपुर
कॉल और व्हाट्सएप नंबर:
9109155465, 6232103400
Khanna Advt.

**नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।**

### टीचर

**आवश्यकता है-** शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। विषय लेखा शास्त्र एंव संस्कृत का **नया सबेरा उ.मा. गोकुल नगर (राम नगर) रायपुर (36 गढ़) मों. 9993453324.** (RO-6040)

**आवश्यकता है-** कक्षा नर्सरी से 8वीं तक सभी विषय पढ़ाने के लिए केवल शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। **संपर्क:- *देव्यानी पब्लिक स्कूल,पुराना धमतरी रोड डूंडा*। मो. 9303013584, 8959313304.** (RO-507)

**आवश्यकता है-** सहायक शिक्षक ,शिक्षक भौतिक,गणित विज्ञान कामर्स **सम्पर्क-राष्ट्रीय विद्यालय बैकुण्ठ धाम ,शारदा पारा कैम्प 2 भिलाई** (आरो नं -548)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समेन व साड़ियो का अनुभवी सेल्समेन एंव हेल्पर की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1643)

### स्टाफ नर्स/वार्ड बॉय

**आवश्यकता है-** स्टाफ नर्स, ट्रेनी नर्स एवं वार्ड बॉय की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-2892)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** टाटाएस के लिए टिकने वाले ड्राइवर, आंफिस के लिए लड़की और मार्केटिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है। **जीएमएस कोरियर वालफोर्ट गेट के सामने रिंगरोड1 कुशालपुर रायपुर बायोडाटा लावे 9399676408.** (RO-Meeth)

**क्लासीफाईड**

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है, जिनको संपूर्ण छत्तीसगढ़ की जानकारी हो, वैध लाइसेंस के साथ **संपर्क करें- देव ट्रेवल्स कार रेंटल सर्विस, मोतीबाग, रायपुर मोबाइल:- 895 9910211.** (RO-1619)

**आवश्यकता है-** हर्ष मीडिया को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में V- 30 Intra- LED वेन चलाने ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी ड्राइवर लाइसेंस, आधार कार्ड व अन्य विवरण सहित **संपर्क करें- 8225022889, 9827806026.** (आरो नं -547)

### ऑफिस/टेलीकॉलर वर्क

**आवश्यकता है-** ऑफिस में टेलीकॉलर एवं बैक ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है जिसे कंप्यूटर के संपूर्ण ज्ञान हो इंटरव्यू रविवार सुबह 8:00 से शाम 4 बजे **संपर्क करें:- आदित्य इंटरप्राइजेस मोनिका बिल्डकॉन बिल्डिंग D-432, 3rd फ्लोर नियर MLA रेस्ट हाउस टैगोरनगर रायपुर 8305308100.** (RO-2896)

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, **अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.** (RO-2890)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है **सम्पर्क करें:- रेमण्ट शो रूम के पीछे गोकुल सुपर बाजार के बाजू में पण्डरी आर.एस.एपेरल्स रायपुर मों. - 9406230226, 8959961825.** (RO-6041)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

**आवश्यकता है-** रेडिमेट कपड़े के दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है, बायोडाटा सहित **सम्पर्क करें - प्रिया गारमेंट, जवाहर बाजार, शॉप नम्बर 24 मोबाइल नंबर 9584071000, 9584000007.** (RO-4412)

### सेल्सकर्मी

**आवश्यकता है-** रायपुर भनपुरी स्थित सी. एंड एफ. ऑफिस/ गोडाऊन हेतु SAP कंप्यूटर ऑपरेटर की। सी. एंड एफ. अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क- 9229287930 (समय- 10 से 6)** (RO-106)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

**आवश्यकता है-** ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी शो रूम में कार्य करने हेतु युवक एवम युवतियों की आवश्यकता है, मिले- शाम 4 से 5 ,**ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग** (आरो नं -252)

**आवश्यकता है-** लक्ष्मी मेडिकल हॉल रिसाली चरोदा सुपेला राजनंदगांव ब्रांच अनुभाविक युवक की आवश्यकता है संपर्क 9542174220 रिज्यूम व्हाट्सएप करे इंटरव्यूव सोमवार **दिनांक 29/07/24 को 12 बजे घड़ी चौक सुपेला ब्रांच** (आरो नं -546)

### सुरक्षागार्ड

**आवश्यकता है-** तत्काल आवश्यकता है बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड एवं घरेलु नौकर की अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 25 से 35वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2893)

### टैलीकॉलिंग/ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लडको की आवश्यकता, योग्यता 10वी - 12वी फिक्स सैलरी + कमिशन, **अनुभवी को वरियता, पता - (छ.ग ) संपर्क करें - 9305576081 6261240639.** (RO-1329)

**आवश्यकता है-** डाटा कॉलिंग के लिए लड़कियों की आवश्यकता है घर में बैठकर या ऑफिस में जाकर कॉलिंग कर सकते हैं। **स्थान- आफिस नेहरू नगर भिलाई मोबाइल- 8103343389.** (आरो नं -545)

**आवश्यकता है-** देवास, रीवा, प्रयागराज में रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट वेतन 10000+ कमीशन 15000 से 20000 बोनस+ रहना, ट्रेन टिकट फ्री **सम्पर्क करें- 7879951040, 7647803413.** (RO-1417)

**आवश्यकता है-** देवास में रहकर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक वेतन 10000 +कमीशन 15000 से 20000+ बोनस+ रहना फ्री। कोई शुल्क नहीं लगेगा **सम्पर्क करे 7880107579, 7415952815.** (RO-1416)

**आवश्यकता है-** राष्ट्रीय स्तर कम्पनी में ऑफिस कार्य हेतु नवयुवको की आवश्यकता है। जो अन्य शहरों में भी जाकर कार्य कर सके सैलरी+ कमीशन+ बोनस+ रहना, खाना फ्री। **सम्पर्क करें- 9691233111, 7999114133.** (RO-34883)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

**आवश्यकता है-** टेलीकॉलिंग एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता, योग्यता 10वी - 12वी फिक्स सैलरी 4500 + कमिशन, **अनुभवी को वरियता,पता - ( छ.ग ) संपर्क करें - 9039916076.** (RO-1330)

### खाना मिस्त्री

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री मेस कैंटीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने, बर्तन धोने लड़कों एवं लेडीज की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। **पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812.** (RO-34924)

### देखरेख

**आवश्यकता है-** नगपुरा के पास स्थित भालूकोन्हा बाड़ी में देखरेख हेतु परिवार की आवश्यकता तथा फैमिली वाला दुर्ग में ड्राइवर चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है **सम्पर्क:- 94255-14500, 9754-144001.** (आरो नं -254)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.** (RO-2894)




## Education शिक्षण

**प्रवेश प्रारंभ -** *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:- *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515.** (आरो -6357)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म **7347259119.** (RO-13135)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। **संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.** (आरो-6352)

**प्लॉट बेचना है -** कुरूद भिलाई में हाउसिंग बोर्ड ढांचा भवन EWS- 593 आकर्षक लोकेशन में 387.35sf प्लाट बेचना है **संपर्क करें - 97524-58982, 79746-16112.** (आरो नं -255)

### जमीन

**जमीन बेचना है-** धनोरा रिसाली प्रियंका नगर में डायवर्टेड-1938 (40×48) वर्गफीट, पूर्व दिशा, लैंडमार्क सनराइज टावर,1300 रुपए प्रति वर्गफीट में बेचना है। Mo.- **91111-33315.** (आरो नं .543)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD** (15 जून 2024 से लागू)

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152**

## Healthcare

**हेपाटाईटिस,एच.आई.वी. हर्पिस रोग एवं यौन समस्या**

हेपाटाइटिस, हर्पिस, एवं एच.आई.वी. रोग अत्यंत घातक एवं खतरनाक वायरस हैं इसे किसी के कहने पर सुनी सुनाई अन्दाज से दवा खाकर समय की बर्बादी एवं जीवन से खिलवाड़ मत कीजिए , क्या आप गोली दवा ईलाज करके इस भ्रम में हैं कि रोग मुक्त हो गये अतः खून की जाँच कराएं तो पता चलेगा कि आप जड़ से रोग मुक्त हुए या नहीं । समझ में न आये तो स्वयं आकर मिले। स्त्री-पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) मे दाने छाले फुन्सी, लाल होना फटना, जलन व दर्द योनि मे खुजली एवं सफेद लाल व बदबूदार पानी, बुखार जैसा लगते रहना मुँह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले दर्द एवं जलन, गुप्तांग से पीप (पस) जाना शरीर में खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग होने की संभावना है । **यौन समस्या :** इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुनजन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, यूरेथा स्ट्रेक्चर अर्थात (पेशाब में रुकावट बूंद बूंद या नहीं उतरना) जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।
बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल फार्मा साइंटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,।
मोबा.: 9425555659, 9617789223, 9303948500, 9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**बीमारी से परेशान होकर महिला ने की आत्महत्या : धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर एक अधेड़ महिला ने जहरीली गोली का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस के अनुसार समीपस्थ ग्राम चंदनबिरही थाना पुरूर निवासी सविताबाई साहू पति अमरनाथ उम्र 52 वर्ष बीते 25 वर्ष से दमा की बीमारी से जूझ रही थी।

**दीवार गिरी, महिला की दबकर मौत : महासमुंद।** दीवार गिर जाने से बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव में महिला की दबकर मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को रात करीब 9 बजे ग्राम डोंगरगांव में दीवार गिरने से भुनेश्वरी साहू पति गोपाल साहू (55 साल) दब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मृतका के पति गोपाल साहू ने थाने में दी, जिस पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

# समय पर इलाज नहीं मिला, बस्तर फाइटर जवान की मलेरिया से मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से कैंप में तैनात बस्तर फाइटर का जवान मलेरिया से पीड़ित होने पर सही समय पर ईलाज नहीं मिल पाने के कारण बुधवार रात को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गई। शव को गुरूवार को उसके गृहग्राम कराठी में परिजनों, ग्रामीणों और पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। कोड़ेकुर्से कैंप में तैनात बस्तर फाइटर जवान भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कराठी निवासी 24 वर्षीय उत्तम मंडावी 7 जुलाई को जवानों के साथ ओरछा जंगल नक्सली गश्त में गया था। गश्त के बाद जवान 9 जुलाई की रात कैंप वापस आया। इसके बाद विधिवत उन्हें पांच दिनों का ब्रेक दिया गया था। ब्रेक के दौरान जवान उत्तम मंडावी अपने घर कराठी आ गया था, इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। उसकी 16 जुलाई को छुट्टी खत्म हो गई थी और कैंप वापिस होना था, लेकिन तबियत खराब होने के कारण उसने कमांडर को जानकारी देकर छुट्टी बढ़वा लिया। जवान संबलपुर के एक डॉक्टर को दिखाया और गोली लेकर वापस घर आ गया।


## RAIPUR SMART CITY LIMITED

मोर Raipur SMART CITY

**Floor 4, 5 & 6, City Kotwali Police Station, Chhotapara Road, Chhotapara, Raipur Chhattisgarh 492001**

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in 1st Call**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 14/08/2024 at 17:30 hours.

| Sl. No. | System Tender No | NIT NO. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor/ Firm | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 156646 | 652/RSCL/2024, RAIPUR DATED: 24/07/2024 | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय, सिटी कोतवाली पुलिस स्टेशन, छोटापारा रोड एवं पुराना कार्यालय छत्रपति शिवाजी आउटडोर स्टेडियम, रायपुर छत्तीसगढ़ में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना, पार्किंग व्यवस्था रखने हेतु 06 सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने बाबत। | 8,84,333/- | Rs. 9,000/- | श्रम आयुक्त कार्यालय ई.पी. एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत। | 09 Month |
| 2 | 156644 | 653/RSCL/2024, RAIPUR DATED: 24/07/2024 | रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु। | 21,42,000/- | Rs. 20,000/- | ओपन | 09 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24/07/2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। निविदा शुल्क राशि रू. 2000/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट प्रबंध संचालक, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर के नाम से देय होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

-Sd-
Manager
Raipur Smart City Limited
RAIPUR (C.G.)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा सूचना संख्या–**E-RDSD/JSR/07/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि(रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य(रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वीसिंहभूम जिला के पोटका प्रखण्ड अंतर्गत तेंतला पंचायत के ग्राम तेंतला एवं बंधुआ के बीच नदी पर पुलिया निर्माण। | 3,47,78,900.00 | 6,96,000.00 | 10,000.00 | 18माह |
| 2 | पूर्वीसिंहभूम जिला के पोटका प्रखण्ड अंतर्गत जानमडीह पंचायत के ग्राम हारेडीह–निश्चिन्तपुर के बीच नाला पर पुलिया निर्माण। | 2,46,60,100.00 | 4,94,000.00 | 10,000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि–05.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक 05.08.2024 से दिनांक 16.08.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, जमशेदपुर।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जमशेदपुर।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –09431990319
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि काई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,जमशेदपुर

PR 330664 Rural Development(24-25).D

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.

No.02-08/CW/2023-24/Tr. No.2418-2428/2166 Raipur Dt- 19.07.2024

**NOTICE FOR E-TENDER**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered up to the date of opening of the tender in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works.

| S.N. | Tender No. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Completion period | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Tr.no 2418 RFx-8100038246 | MMMTVY electrification of village-Sudiyal under Manpur DC , O&M Dn. Mohla . | 4405536.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 02 | Tr.no 2419 RFx-8100038247 | MMMTVY electrification of village-Bodara under Khadgaon DC , O&M Dn. Mohla | 3880941.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 03 | Tr.no 2420 RFx-8100038248 | MMMTVY electrification of village-Katuljhor under Mohla DC , O&M Dn. Mohla . | 2933132.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 04 | Tr.no 2421 RFx-8100038249 | MMMTVY electrification of village-Ghotiya Kanhar under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 3137999.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 05 | Tr.no 2422 RFx-8100038251 | MMMTVY electrification of village-Pitemeta (Kekdehur), Tatekasa under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 8034798.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 06 | Tr.no 2423 RFx-8100038252 | MMMTVY electrification of village-Nainguda, Metatodke, Kohkatola under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 5298286.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 07 | Tr.no 2424 RFx-8100038257 | MMMTVY electrification of village-Amapayali & Mundeli under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 3925184.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 08 | Tr.no 2425 RFx-8100038253 | MMMTVY electrification of village-Kundalkal under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 3718212.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 09 | Tr.no 2426 RFx-8100038256 | MMMTVY electrification of village-Raymanhora under Aundhi DC , O&M | 4062924.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 10 | Tr.no 2427 RFx-8100038255 | MMMTVY electrification of village-Aamakoda under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 4142032.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |
| 11 | Tr.no 2428 RFx-8100038254 | MMMTVY electrification of village-Bukmarka, Sambalpur , Gattegahan, Pugda under Aundhi DC , O&M Dn. Mohla . | 8240948.00 | 03 months from date of handing over of site excl. rainy season | Class I,II III & III-A | 12.00 noon 12.08.2024 |

**Note:** 1. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting **http://www.cspdcl.co.in - > e-bidding portal.**2. The site handing over of above mentioned majratola will be done after Forest Clearance from Forest Department.

**CHIEF ENGINEER(PROJECT)**
**CSPDCL:RAIPUR**

**SAVE ELECTRICITY**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना** दिनांक 24.07.2024
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" **श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। **ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 12.08.2024 है :-**

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT No. 297 Tender No. 156536 | धमतरी अनुविभाग के अन्तर्गत आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत का कार्य। | रू. 95.00 लाख |
| NIT No. 298 Tender No. 156537 | धमतरी अनुविभाग के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत का कार्य। | रू. 130.00 लाख |
| NIT No. 299 Tender No. 156538 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 के अन्तर्गत उपखण्ड क्रमांक 01 के गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत का कार्य। | रू. 40.00 लाख |
| NIT No. 300 Tender No. 156539 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 के अन्तर्गत उपखण्ड क्रमांक 01 के आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत का कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT No. 301 Tender No. 156540 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 के अन्तर्गत उपखण्ड क्रमांक 02 के गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत का कार्य। | रू. 40.00 लाख |
| NIT No. 302 Tender No. 156541 | गरियाबंद अनुविभाग क्रमांक 01 के अन्तर्गत उपखण्ड क्रमांक 02 के आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत का कार्य। | रू. 25.00 लाख |
| NIT No. 303 Tender No. 156542 | नगरी अनुविभाग के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। | रू. 50.00 लाख |
| NIT No. 304 Tender No. 156543 | नगरी अनुविभाग के अन्तर्गत आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य। | रू. 50.00 लाख |
| NIT No. 305 Tender No. 156544 | जिला महासमुन्द के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | रू. 50.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता,
लो. नि. वि. रायपुर मंडल क्र.-2 (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
G- 242501341/3
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय,/ REGIONAL OFFICE
107, राम नगर रोड, कोटा,रायपुर)- 492010
107, RAM NAGAR ROAD, KOTA, RAIPUR-492010
Phone: 0771-2254589, Email: rd-cgarh@esic.nic.in
Website: www.esic.nic.in/www.esic.in

No-59-U/17/13/08/2019-mIMP दिनांक:23/07/2024

### एलोपैथिक डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए ESI योजना से जुड़ने का सुनहरा अवसर

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ क्षेत्र के निम्न जिलो में **Modified Insurance Medical Practitioner (mIMP)** योजना के तहत **Doctor(Allopathic), Chemist** एवं **Diagnostic Centre Empanel** करने हेतु **Online** आवेदन कर सकते है जिसमे मोबाइल एप के माध्यम से बीमित व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जाना है :-

| Sl. No. | District | Sl. No. | District |
|---|---|---|---|
| 1. | Bijapur | 8. | Sukma |
| 2. | Jashpur | 9. | Surajpur |
| 3. | Mungeli | 10. | Mahasamund |
| 4. | Balod | 11. | Dantewada |
| 5. | Narayanpur | 12. | Kanker |
| 6. | Bastar | 13. | Koriya |
| 7. | Balrampur | 14. | Manedragarh-Chirmiri-Bharatpur (from Koriya) |

उपरोक्त जिलों में डॉक्टर, केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के **Empanelment** हेतु ऑनलाइन आवेदन **esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने है।

निम्न जिलों में केवल केमिस्ट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के **Empanelment** हेतु ऑनलाइन आवेदन **esic.gov.in** पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किये जाने है :-


| Sl. No. | District | Sl. No. | District |
|---|---|---|---|
| 1. | Kabirdham(Kawardha) | 3. | Bemetara |
| 2. | Surguja | 4. | Kondagaon |

इच्छुक आवेदक **www.esic.gov.in à Health Services Apply under mIMP Scheme** के ऑनलाइन लिंक पर दिनांक **27.07.2024** से **16.08.2024** तक आवेदन कर सकते है। विशेष जानकारी हेतु दुरभाष संख्या-**0771-2254689** में क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी. निगम, रायपुर पर संपर्क किया जा सकता है।

आवेदन के अंतिम तिथि के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

**क्षेत्रीय निदेशक**

## आपका कर भारत की प्रगति के लिए वरदान




**भारत के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए अपना आयकर रिटर्न समय पर जमा करें!**

- रिटर्न **www.incometax.gov.in** पर जमा किया जा सकता है।
- आयकर रिटर्न जमा करने में देरी के परिणाम इस प्रकार हैं:
  - कुछ नुकसानों को आगे नहीं ले जाया जा सकता है।
  - धारा 234ए के तहत ब्याज लगाया जाता है।
  - धारा 234एफ के तहत शुल्क लगाया जाता है।
- समय पर आयकर रिटर्न दाखिल करने से करदाताओं को कई तरह से मदद मिलती है जैसे :
  - आईटीआर जमा करते रहने से ऋण और क्रेडिट सुविधाओं तक बाधा रहित पहुँच प्राप्त होने में मदद मिलती है
  - आईटीआर से वीजा आवेदनों की प्रक्रिया में मदद मिलती है
- इसे जमा करने से पहले अपने फॉर्म 26 एएस, एआईएस और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जाँच करें। गलत कटौतियों और छूट का दावा न करें।

**ध्यान दें!**

वे व्यक्ति और संस्थाएँ (जिनके बही खातों का ऑडिट होना जरूरी नहीं है)
**31 जुलाई, 2024**
को या उससे पहले निर्धारण वर्ष 2024–25 के लिए अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) ई–फाइल करें।

अधिक जानकारी के लिए
**www.incometax.gov.in**
पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

आयकर विभाग
**आयकर विभाग**
**केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड**

@IncomeTaxindia incometaxindia.official @IncomeTaxIndiaOfficial @incometaxindiaofficial incometaxindia.gov.in

CBC 15401/13/0004/2425

केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों का प्रदर्शन बेहतर करने पर ध्यान

# केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों के विनिवेश नहीं मूल्य सृजन पर सरकार का जोरः दीपम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पांडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार सिर्फ अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए विनिवेश पर जोर देने के बजाय केंद्रीय सार्वजनिक उद्यमों (सीपीएसई) का प्रदर्शन बेहतर करने पर ध्यान देगी ताकि संपत्ति के सृजन को अधिकतम किया जा सके।

पांडे ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की 77 सूचीबद्ध इकाइयों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) पिछले तीन वर्षों में चार गुना बढ़कर लगभग 73 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इनमें बैंक, बीमा कंपनियां और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) शामिल हैं।

## पीएसयू के प्रदर्शन में सुधार हुआ

पांडे ने खास बातचीत में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के प्रदर्शन में सुधार हुआ है और बाजारों ने इन इकाइयों का बेहतर मूल्यांकन करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की सीपीएसई के कुल बाजार पूंजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 7.2 लाख करोड़ हुआ

बीएसई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 7.2 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। दीपम सचिव ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रूप से सुधरा है, पूंजीगत व्यय में सुधार हुआ है, प्रबंधन प्रोत्साहन सीपीएसई के प्रदर्शन के अनुरूप हो रहे हैं और इसपर बाजार की नजर होने से सीपीएसई को लेकर धारणा भी बदली है।



DEPARTMENT OF INVESTMENT AND PUBLIC ASSET MANAGEMENT (DIPAM)

- 77 सूचीबद्ध इकाइयों का पूंजीकरण चार गुना बढ़कर 73 लाख करोड़
- पिछले तीन वर्षों में चार गुना बढ़कर लगभग 73 लाख करोड हुई

*दीपम सुनियोजित रणनीति पर चलेगाः पांडे ने कहा कि दीपम एक सुनियोजित विनिवेश रणनीति पर चलेगा। उन्होंने कहा, 'हमें अपने शेयरों पर भरोसा क्यों नहीं करना चाहिए? हम यह नहीं कह सकते कि यह लक्ष्य है, लिहाजा किसी भी स्थिति में शेयर को बेच दें। इस दृष्टिकोण से कोई मदद नहीं मिली है।'*

## परिसंपत्तियों से 50 हजार करोड़ जुटाना लक्ष्य

सरकार ने अब बजट दस्तावेज में विनिवेश प्राप्तियों के लिए कोई स्पष्ट लक्ष्य देना भी बंद कर दिया है। यह अब पूंजी प्राप्तियों के लिए बजट प्रदान करती है, जिसमें विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण से प्राप्तियां शामिल हैं।

## आईडीबीआई के संभावित निवेशकों को मिली सुरक्षा गारंटी

आईडीबीआई बैंक में निवेश की मंशा जताने वाले बोलीदाताओं को गृह मंत्रालय से जरूरी सुरक्षा मंजूरी मिल गई है और इस बारे में जल्द ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से भी मंजूरी मिलने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

## एलआईसी के पास 61 फीसदी हिस्सेदारी

सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में करीब 61 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचने की तैयारी में है। इस दौरान केंद्र सरकार की 30.48 प्रतिशत और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचा जाएगा।

## बोलीदाताओं को दो तरह की मंजूरी लेगी होगी

जनवरी, 2023 में निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक में हिस्सेदारी की खरीद के लिए कई रुचि पत्र (ईओआई) मिले हैं। ईओआई के माध्यम से निवेश की मंशा जताने वाले बोलीदाताओं को दो तरह की मंजूरी लेनी होगी।

# सरकार ने अनचाहे कॉल पर राय देने की समय सीमा बढ़ाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- संदेशों पर अंकुश लगाने समय-सीमा आठ अगस्त तक बढ़ाई
- पहले टिप्पणियों के लिए समय सीमा 21 जुलाई थी

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने प्रचार-प्रसार संबंधी फोन कॉल और एसएमएस जैसे अनचाहे एवं अवांछित कारोबारी संचार पर लगाम लगाने से संबंधित दिशानिर्देशों के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर बृहस्पतिवार को आठ अगस्त कर दी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विभिन्न महासंघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर तारीख बढ़ाई गई है। इस पहले टिप्पणियां प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 जुलाई थी। विभिन्न सुझाव तथा टिप्पणियां प्राप्त हुई हैं, जिन पर फिलहाल गौर किया जा रहा है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और नियामकों सहित सभी हितधारकों के साथ परामर्श के बाद तैयार किए गए इन दिशानिर्देशों में व्यक्तिगत संचार को नहीं रखा गया है। इसमें 'कारोबारी संचार' को प्रचार तथा सेवा संदेशों जैसी वस्तुओं या सेवाओं से संबंधित किसी भी संचार के रूप में परिभाषित किया गया है। ये दिशानिर्देश कारोबारी संचार से जुड़े सभी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लागू होंगे। इसके अलावा अपंजीकृत नंबर या एसएमएस हेडर का उपयोग करना, कॉल न आने का विकल्प चुनने के बावजूद कॉल करना, डिजिटल सहमति न लेना, कॉल करने वाले और उद्देश्य की पहचान न करना और सहमति बंद करने का विकल्प न देने जैसी स्थितियां भी अनचाही और अवांछित कारोबारी संचार की श्रेणी में रखी जाएंगी।



## शेयर बाजार में लगातार पांचवें दिन रही गिरावट

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में नरमी के रुख के बीच धातु, बैंकिंग एवं वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बजट में प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) को बढ़ाने और अल्पावधि के पूंजीगत लाभ पर कर बढ़ाने की घोषणा के बाद से ही निवेशक अपना निवेश निकाल रहे हैं। बड़े पैमाने पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भी भारतीय बाजार से निकासी की है। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 109.08 अंक की गिरावट के साथ 80,039.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 671 अंक तक लुढ़का था। निफ्टी भी 7.40 अंक गिरकर 24,406.10 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान एक समय यह 202.7 अंक गिरकर 24,210.80 अंक पर आ गया था। इन पांच सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,303.66 अंक यानी 1.60 प्रतिशत और निफ्टी में कुल 394.75 अंक यानी 1.59 प्रतिशत की गिरावट आई है।

*पीएनबी हाउसिंग के लाभ में 25 फीसदी का इजाफा*

***नई दिल्ली।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही का शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 433 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।*

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
ब्लॉक-03, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2263412, फैक्स 2263412, Email-che-higheredu.cg@gov.in

क्र. 132/69/ आउशि /भंडार/24 अटल नगर रायपुर, दिनांक 23.07.2024

// निविदा विज्ञापन //

कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय अटल नगर, नवा रायपुर के अनुपयोगी वाहन "जहां है, जैसी स्थिति में हैं" विक्रय के लिए मुहरबंद निविदा **दिनांक 22.07.2024 से 05.08.2024 सांय 04 बजे तक** आमंत्रित किया जाता है।

| स.क्र. | वाहन क्र. | वाहन का प्रकार | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | सी जी 02 6400 | बोलेरो | 2009 |
| 2 | सी जी 02 6900 | बोलेरो | 2009 |

विक्रय किये जाने वाले वाहन एवं नियम शर्तो का अवलोकन कार्यालय अवधि में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा परिषद, राज्य परियोजना कार्यालय, सांईस कॉलेज कैम्पस, रायपुर एवं highereducation.cg.gov.in में किया जा सकता है ।

( आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित )

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
अटल नगर, जिला रायपुर

G-242501330/2

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर
जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

// संशोधित ईश्तहार //

रा.प्र. क्रमांक 178(1) ब-121/2023-24 रायपुर, दिनांक 09/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवा रायपुर, अटल नगर विलास प्राधिकरण नवा रायपुर अटल नगर रायपुर (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक/5413/एनआरएएनव्हीपी / 2024 नवा रायपुर दिनांक 27/06/2024 के अनुसार ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 460 का भाग रकबा 9 एकड़ भूमि आवेदक को आबंटित किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में आवेदक को नियमानुसार भू-आबंटन किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव आवेदित भूमि का आबंटन किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06/08/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर
जिला- रायपुर (छत्तीसगढ़)

S-40933/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 64/156492 | S/R, MOW, DEPOSIT AND OTHER WORKS AT VIP BUNGLOW SHANKAR NAGAR, SHANTI NAGAR, CIVIL LINE SECTION NO.-4 UNDER SUB-DIVISION NO.-1. RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 93/156493 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING & PAINTING WORK AT OLD MANTRALAYA SECTION UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 121/156494 | SPECIAL REPAIR MOW AND OTHER DIFFERENT TYPE WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 29 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 30.00 लाख |
| 122/156495 | SPECIAL REPAIR MOW AND OTHER DIFFERENT TYPE WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 27 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 25.00 लाख |
| 123/156143 | WHITE WASHING/ COLOUR WASHING/ DISTEMPERING/ PAINTING WORK AT G.A.D. COLONY SECTOR 27 ATAL NAGAR NAVA RAIPUR UNDER SUB DIVISION NO 3 RAIPUR | रू. 25.00 लाख |
| 124/156497 | WHITE/COLOUR WASHING OF VARIOUS RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER SUB DIV., TILDA-NEORA, BLOCK-TILDA, DISTT.-RAIPUR (C.G.) | रू. 49.97 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.08.2024 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लो. नि. वि. रायपुर मंडल क्र.-1
रायपुर (छ.ग.)

G- 242501346/3

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने शुरू किया गूगल स्कॉलरशिप प्रोग्राम

**रायपुर।** आईएसबीएम विश्व विद्यालय ने गूगल और इनके सहयोगी संस्थाओं द्वारा संचालित कौशल विकास पहल के तहत रोजगार, उद्यमिता और सामुदायिक उद्यमिता को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के लिए रोजगार की जरूरतों को पूर्ण करने एवं उद्यम स्थापित करने के लिए एक एमओयू हस्ताक्षरित किया है जो छात्रों को गूगल के प्लेटफॉर्म पर प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ आईटी के अंतिम वर्ष एवं पूर्व अंतिम के अध्येताओं को गूगल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रम, सर्टिफिकेशन कोर्स के रूप में उपलब्ध कराये जाएंगे। जिसमें से शिक्षार्थी किसी एक का चयन कर सकते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख पाठ्यक्रम हैं गूगल डाटा एनालिटिक्स प्रोफेशनल, गूगल यूएस डिजाइन प्रोफेशनल, गूगल आईटी सर्पोट प्रोफेशनल, गूगल आईटी आटोमेशन विथ पाईथान प्रोफेशनल सर्टिफिकेट, गूगल डिजीटल मार्केटिंग एवं ई-कॉमर्स, गूगल विजिनेस इंटेलिजेन्स, गूगल एडवांस्ड डाटा एनालिटिक्स एवं गूगल साईबर सिक्योरिटी। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल डॉ. जयेन्द्र नारंग ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों के साथ ही गूगल के सहयोगी संस्थान 21 घंटे तक के विशिष्ट युवा विकास कार्यक्रम भी संचालित करेंगे जो कि छात्रों के जीवन कौशल विकास में उपयोगी साबित होंगे।

*समस्त व्यय विश्वविद्यालय वहन करेगा : इन कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल होने वाले छात्रों से कोई अतिरिक्त फीस विश्वविद्यालय द्वारा नहीं ली जायेगी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का समस्त व्यय विश्वविद्यालय वहन करेगा। इस कार्यक्रम को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करने वाले विद्यार्थियों को गूगल की ओर प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जायेगी एवं समय समय पर प्लेसमेंट ड्राइव भी चलाये जायेंगे।*

# एलेक्रामा का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिकल रोड शो छत्तीसगढ़ में हुआ शुरू



**रायपुर।** भारतीय इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनी एलेक्रामा, अपने 16वें संस्करण के साथ रायपुर में एक प्रारंभिक रोड शो के साथ लांच हुई। यह रोड शो मुख्य प्रदर्शनी के लिए आगामी कार्यक्रमों की शुरुआत को दर्शाता है, जिसमें इलेक्ट्रिकल सेक्टर में नवीनतम प्रगति और नवीनीकरण को उजागर किया जाएगा।

रायपुर रोड शो में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड और छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के सम्मानित वक्ताओं ने भाग लिया तथा उन्होंने विद्युत बुनियादी ढांचे में राज्य की प्रगति और इसकी भविष्य की पहलों पर प्रकाश डाला।

# बेहतर कारोबारी गति एक्सिस बैंक को मिले बेहतर नतीजे

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। तिमाही के लिए बैंक का कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 16% बढ़कर 9,637 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में 5,797 करोड़ रुपये की तुलना में 6,035 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले साल की तुलना में 4% की वृद्धि दर्शाता है। बैंक की शुद्ध ब्याज आय Q1FY24 में 11,959 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 12% YOY और 3% QOQ बढ़कर 13,448 करोड़ रुपये हो गई। Q1FY25 के लिए इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन (NIM) 4.05% रहा। CASA जमा में 4% की वृद्धि हुई, जबकि CASA अनुपात 42% रहा। बैंक का परिचालन राजस्व Q1FY24 में 17,046 करोड़ रुपये से 13% YOY बढ़कर Q1FY25 में 19,232 करोड़ रुपये हो गया। 30 जून 2024 तक, बैंक ने सकल NPA और शुद्ध NPA के स्तर को क्रमशः 1.54% और 0.34% पर रिपोर्ट किया, जबकि 30 जून 2023 को यह 1.96% और 0.41% था। Q1FY25 के लिए बैंक की शुल्क आय 16% YOY बढ़कर 5,204 करोड़ रुपये हो गई।

# प्रदीप कुमार ने अपर मंडल रेल प्रबंधक का कार्यभार संभाला



**खोरधारोड।** प्रदीप कुमार बेहरा ने खोरधारोड के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) का कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले वे मुख्य विद्युत इंजीनियर, पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर के रूप में कार्यरत थे। प्रदीप कुमार बेहरा, भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग सेवा के 1998 बैच के हैं। उन्होंने एनआईटी, राउरकेला से बी-टेक किया है। उन्होंने मुख्य विद्युत इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, खोरधारोड और वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, खोरधारोड आदि पद पर रहकर पूर्व तट रेलवे में विभिन्न पदों पर काम किया है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत चढ़ा

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर में बृहस्पतिवार को करीब आठ प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के अप्रैल-जून तिमाही में 629 करोड़ रुपये का एकीकृत मुनाफा दर्ज करने की खबरों के बाद उसके शेयर में तेजी आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.10 प्रतिशत बढ़कर 1,820.70 रुपये पर बंद हुआ।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) CIN : U40108CT2003SGC015822
कार्यालय कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) फोन नं. 0771-2574925 फैक्स 0771-2574990 ईमेल hr.cspdcl@cspcl.co.in website : www.cspdcl.co.in

क्रमांक 02-11/वाहन/2921 रायपुर दिनांक 24.07.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 01 नग नया कार श्रेणी-दो (एक्स शो-रूम कीमत 08 लाख तक) मय वाहन चालक किराये पर देने के इच्छुक ट्रेवलिंग एजेंसी/फर्म से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि. की वेबसाईट www.cspdcl.co.in पर अपलोड की गई है। कार्यालय से निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.08.2024 समय 03:00 बजे है, जमा करने की तिथि 20.08.2024 समय 03:30 बजे एवं निविदा खुलने की तिथि 20.08.2024 को समय 04:00 बजे है। इच्छुक ट्रेवलिंग एजेंसी/फर्म उपरोक्त निविदा फार्म कार्यालय महाप्रबंधक (मा.सं.), छ.स्टेट पॉवर डिस्ट्री.कं.लि., रायपुर के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं अथवा कंपनी वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

उप महाप्रबंधक (मा.सं.)-एक
छ.स्टेट पॉवर डिस्ट्री. कं.लि., रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएं

कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति)
जिला उत्तर बस्तर - कांकेर

// अल्प कालिन निविदा //

एन.आई.टी. क्रमांक/ 32/जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 18/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि- 05/08/2024 ( सायं 5:00 बजे तक) ( रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से )
2. आवेदन परीक्षण पश्चात मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि -07/08/2024 (सायं 05:00 बजे तक )
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि- 12/08/2024 ( प्रातः 11:00 बजे से )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि -16/08/ 2024 ( सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि - 20/08/2024 ( दोपहर 12:30 बजे से )

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं ।

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32 | गुन्दुल से मर्राम सड़क निर्माण कार्य लंबाई 2.60 कि.मी.<br>आलपरस से आलपर सड़क निर्माण कार्य लंबाई 2.50 कि.मी.<br>पानीडोबीर से गुन्दुल सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3.25 कि.मी. | 596.61 Lakhs | 2,99,000/- | 1st Call |

कलेक्टर,
जिला- उत्तर बस्तर कांकेर

G-242501366/2

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर जिला-बस्तर (छ.ग.)
दूरभाष क्र.07782-222336 (कार्या) फैक्स न.225777
ई-मेल spofficejdr@gmail.com

पृ.क्रमांकः- पु.अ./ बस्तर /रा.नि./-735-E/ 2024 दिनांक 23/07/2024

// निविदा आमंत्रण सूचना//

अमर वाटिका (शहीद स्मारक), लालबाग, जगदलपुर स्थित नवनिर्मित फेसिलिटी सेंटर के 03 नग गुमटी को व्यवसाय संचालन के लिए मासिक किराये से वार्षिक अनुबंध में दिये जाने हेतु दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय पुलिस कार्यालय जगदलपुर जिला बस्तर या यातायात कार्यालय जगदलपुर जिला बस्तर के निर्धारित टेण्डर बाक्स में डाली जावेगी। इच्छुक व्यक्ति जिन्हे व्यवसाय (मांसाहारी नॉनवेज भोजन का व्यवसाय करना एवं मद्यपान / धुम्रपान/अन्य नशा/विक्रय करना प्रतिबंधित रहेगा) करने का अनुभव हो निविदा प्रपत्र, नियम एवं शर्ते इस कार्यालय से प्राप्त कर निर्धारित धरोहर राशि के साथ आवेदन कर सकते है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन पत्र के साथ रूपये 100.00 (एक सौ रू) का चालान कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां मद में जमा कर चालान' की मूल प्रति पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जगदलपुर में प्रस्तुत कर दिनांक 26/07/2024 से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि- 01/08/2024 17:00 बजे तक
2. निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि- 02/08/2024 15:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की अंतिम तिथि- 02/08/2024 16:00 बजे तक

पुलिस अधीक्षक
जिला-बस्तर

G-242501337/2

SWACHH SURVEKSHAN 2024 TULIP

कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला बिलासपुर (छ. ग.)

स्वच्छ भारत मिशन - शहरी 2.0

क्र./1020 दिनांक 25/07/2024

// आवश्यकता //

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुक्रम में राज्य के समस्त नगरीय निकायों में बीटेक / बीई स्नातक आवेदकों से Swachh TULIP कार्यक्रम अन्तर्गत TULIP INTERN TRAINEE हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| ईटर्नशिप की अवधि | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | एकमुश्त देय राशि | आवश्यक INTERN TRAINEE की संख्या | संपर्क (मो. नं.) |
|---|---|---|---|---|
| 12 सप्ताह | 05-08-2024 | 4500.00 | 02 | 6265983545<br>8319847020 |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना ऑनलाईन आवेदन https://internship.aicte-india.org/ में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी / पात्रता इत्यादि हेतु उपरोक्त मोबाईल नंबर से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकृत किये जावेंगे।
( समस्त करों का भुगतान कर अच्छे नागरिक का परिचय देवें ।)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार, जिला बिलासपुर छ.ग.

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दुर्ग, दिनांक 18.07.2024

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)
(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 07.08.2024 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क./ सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 78/156510 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग पंडरिया के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 99.97 |
| 79/156511 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत बढईटोला एवं मुढीपार सेक्शन विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य | 99.98 |
| 80/156512 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में एम.ओ.डब्ल्यू. विशेष मरम्म्त एवं जमा का कार्य | 129.97 |
| 81/156513 | शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा में कल्चरल हॉल का निर्माण कार्य | 102.72 |
| 82/156514 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत्त विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई का कार्य | 49.99 |
| 83/156516 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवसीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक संधारण का कार्य | 50.00 |
| 84/156517 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों एम.ओ.डब्ल्यू, विशेष मरम्मत एवं जमा का कार्य | 29.95 |
| 85/156518 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | 49.87 |
| 86/156520 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत शास. अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों वार्षिक मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 87/156521 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत शास. आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों विशेष मरम्मत एवं लघु मूल गौण कार्य | 30.00 |
| 88/156522 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत शास. अवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य | 79.95 |
| 89/156523 | उपसंभाग खैरागढ़ के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिंग का कार्य | 49.96 |
| 90/156524 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों व्हाईट वाशिंग, कलर वाशिंग, डिस्टेम्परिंग एवं पेंटिग का कार्य | 49.96 |

टीप

1. एन.आई.टी.क्रं 78 लोक निर्माण विभाग कवर्धा संभाग कवर्धा से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 79, 86, 87, 88, 89 एवं 90 से लोक निर्माण विभाग, खैरागढ़ संभाग खैरागढ से संबंधित है, एन.आई.टी.क्रं 80 लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग से संबंधित है. एन.आई.टी.क्रं 81 एवं 82 लोक निर्माण विभाग बेमेतरा संभाग बेमेतरा से संबंधित है, एन.आई.टी.क्रं 83,84 एवं 85 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मंडल दुर्ग

G-242501348/4

# पेरिस ओलंपिक : तीरंदाजी में भारतीय महिला टीम अंतिम-8 में पहुंची, सिहयोन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

## ओपनिंग सेरेमनी से एक दिन पहले भारत का शानदार प्रदर्शन

पदार्पण कर रही तीरंदाज अंकिता भकत ने गुरुवार को यहां अनुभवी दीपिका कुमारी को पीछे छोड़ते हुए पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत रिकर्व क्वालीफिकेशन में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ 11वां स्थान हासिल किया, इससे देश ने चौथे स्थान पर रहकर टीम स्पर्धा में क्वार्टर फाइनल स्थान हासिल किया। गुरुवार को लड़कियों के बाद भारत के लड़कों की तीरंदाजी टीम भी गेम्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। अंकिता (26 साल) 666 अंक से भारतीय महिला तीरंदाजों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर रहीं, उनके बाद भजन कौर 559 अंक से 22वें और दीपिका कुमारी 658 अंक से 23वें स्थान पर रहीं।

एजेंसी ▶▶ पेरिस

टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन उप विजेता जबकि मेक्सिको तीसरे स्थान पर रहा। टीम तालिका में शीर्ष चार टीम सीधे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं जबकि पांचवें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीम राउंड 16 मुकाबले खेलेंगी। भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।



### सेमीफाइनल में कोरिया से हो सकता है सामना

*अगर भारतीय महिला टीम क्वार्टर फाइनल की बाधा पार कर लेती है तो उसे सेमीफाइनल में मजबूत कोरियाई टीम से भिड़ना पड़ सकता है। कोरियाई टीम ओलंपिक में अपराजेय रही है, उसने तीन साल पहले टोक्यो में लगातार नौवां पदक जीता था।*

### अंकिता-धीरज की बनेगी जोड़ी

मिक्स्ड इवेंट में अब अंकिता और धीरज की जोड़ी बनेगी। मिक्स्ड इवेंट में पुरुष और महिला वर्ग में देश की टॉप तीरंदाजों की जोड़ी बनती है। कुल मिलाकर भारत महिला टीम, पुरुष टीम, महिला एकल, पुरुष एकल और मिश्रित डबल्स पांचों इवेंट में मेडल की रेस में है। इस बार लगता है तीरंदाज इतिहास रचने जा रहे हैं।

### कोरिया की तीरंदाज लिम सिहयोन का कमाल

कोरिया की एक खिलाड़ी ने तीरंदाजी में कमाल कर दिखाया। लिम सिहयोन नाम की प्लेयर ने वुमेंस रैंकिंग राउंड में एक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने 720 में से 694 प्वॉइंट्स हासिल किए और




नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया, जो अभी तक कोरिया की ही कांग चाएयंग के नाम दर्ज था। 2019 में 692 प्वॉइंट्स हासिल करके उन्होंने विश्व रिकॉर्ड बनाया था, जो अब टूट चुका है। कोरिया की टीम रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रही।

## 2013 अंक से क्वार्टर फाइनल में पहुंची पुरुष टीम



लेस इनवैलिड्स गार्डन में क्वालिफिकेशन राउंड में भारतीय टीम 2013 पॉइंट्स लेकर तीसरे स्थान पर रही है। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना तुर्किए और कोलंबिया के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम से होगा। भारत के लिए धीरज बोम्मादेवरा का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वे 681 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर रहे। इंडिविजुअल इवेंट में उनका सामना 61वें नंबर पर रहने वाले खिलाड़ी से होगा। तरुणदीप राय 14वें नंबर पर रहे। उनका मुकाबला 51वें नंबर पर रहने वाले तीरंदाज से होगा। प्रवीण जाधव 39वें नंबर पर रहे। इंडिविजुअल इवेंट में उनकी भिड़ंत 26वां स्थान पाने वाले तीरंदाज से होगा।

## मनिका का सामना हर्से से शरत-कोजुल में पहला मैच

भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मनिका बत्रा महिला एकल के शुरुआती दौर में ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी जबकि अनुभवी पुरुष खिलाड़ी अचंता शरत कमल स्लोवेनिया के डेनी कोजुल के सामने होंगे। बुधवार को ड्रा की घोषणा हुई।

मनिका को 18वीं वरीयता मिली है और यह उनका लगातार तीसरा ओलंपिक है। पुरुष एकल में हरमीत देसाई का सामना पहले दौर में जोर्डन के अबो यमन से



होगा जबकि 25 साल की श्रीजा अकुला (16वीं वरीय) महिला वर्ग में स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टिना कालबर्ग के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन शरत कमल भारत के टेबल टेनिस दल की अगुआई कर रहे हैं जिसमें 41 साल का यह खिलाड़ी ओलंपिक में पांचवीं दफा खेलने उतरेगा। जी साथियान मुख्य टीम में जगह नहीं बना सके जिससे उन्हें 'रिजर्व' खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। पेरिस ओलंपिक में पहली बार भारत टीम स्पर्धा में हिस्सा लेगा।

### पेरिस खास खबरें

## तीन बार की मेजर चैंपियन एंजेलिक कर्बर लेंगी संन्यास



पेरिस। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर ने गुरुवार के घोषणा की कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बाद संन्यास ले लेंगी। जर्मनी की इस 36 साल की खिलाड़ी ने रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन को छोड़कर सभी ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वह लाल बजरी पर पेरिस ओलंपिक खेलने के बाद ही खेल को अलविदा कर देंगी। पेरिस ओलंपिक में वह शुरुआती दौर में जापान की चार बार की मेजर विजेता नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी। कर्बर ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किया, 'ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले मैं कह सकती हूं कि मैं कभी भी पेरिस 2024 को नहीं भूल पाऊंगी क्योंकि बतौर टेनिस खिलाड़ी ये मेरा अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट होगा।'

## नागल को मुश्किल ड्रा



पेरिस। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान फ्रांस के मोटेट कोरेंटिन के खिलाफ शुरू करेंगे। अगर वह पहले दौर का मुकाबला जीत जाते हैं तो उनका सामना आस्ट्रेलिया के छठे नंबर के एलेक्स डि मिनौर से हो सकता है। विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर काबिज नागल का मोटेट के खिलाफ रिकॉर्ड 2-2 से बराबरी का है। मोटेट एटीपी एकल चार्ट में उनसे 12 पायदान ऊपर हैं। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और एन श्रीराम बालाजी का सामना फ्रांस के फैबियन रेबॉल और एडोआर्ड रोजर वासेलिन की जोड़ी से होगा।

## फलस्तीन टीम का शानदार स्वागत



**पेरिस।** फलस्तीन के ओलंपिक दल का यहां पहुंचने पर लोगों ने तालियों और तोहफों के साथ स्वागत किया और तोहफों में खाने का सामान और गुलाब के फूल शामिल थे। पेरिस हवाई अड्डे से बाहर निकलकर फलस्तीन के खिलाड़ियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अब तक 39000 फलस्तीनियों की जान ले चुके इस्राइल-हमास युद्ध के बीच उनकी मौजूदगी संकेत की तरह होगी। खिलाड़ियों, फ्रांस के समर्थकों और राजनीतिज्ञों ने यूरोपीय देशों से फलस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया है।

### खबर संक्षेप



## चोटिल तुषारा टी20 श्रृंखला से बाहर

**पालेकल।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी के बुधवार को अभ्यास सत्र के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। श्रीलंका ने तुषारा की जगह एक अन्य तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल किया है। तुषारा की चोट श्रीलंका के लिए बड़ा झटका है क्योंकि यह तेज गेंदबाज शानदार फॉर्म में था। उन्होंने पिछले महीने टी20 विश्व कप में श्रीलंका की तरफ से सर्वाधिक आठ विकेट लिए थे।

## पंत और सैमसन में से चयन करना चुनौती



**कोलंबो।** भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए ऋषभ पंत और संजू सैमसन में से किसी एक का चयन करना चुनौतीपूर्ण होगा। छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा और विराट कोहली को छोड़कर टी20 विश्व कप विजेता टीम के अधिकतर खिलाड़ी श्रीलंका दौरे पर आए हैं और ऐसे में पंत और सैमसन में से किसी एक का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि यह दोनों ही आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज हैं।

## ओलंपिक के उद्घाटन समारोह के दौरान बारिश की संभावना

एजेंसी ▶▶ पेरिस

सीन नदी पर पेरिस ओलपिक के अनूठे उद्घाटन समारोह के दौरान मौसम की गाज गिर सकती है क्योंकि मौसम विभाग ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान जताया है। फ्रांस के मौसम विभाग मेटियो फ्रांस ने शुक्रवार की सुबह बारिश की भविष्यवाणी की है।

दोपहर को मौसम साफ रहेगा लेकिन शाम को बारिश हो सकती है जिस समय उद्घाटन समारोह होना है। बारिश होने पर भी उद्घाटन समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा। आम तौर पर खिलाड़ी पारंपरिक रूप से स्टेडियम में मार्च करते हुए प्रवेश करते हैं



लेकिन पेरिस ओलंपिक में 10500 खिलाड़ी 90 से अधिक नावों पर सवार होकर सीन नदी पर छह किलोमीटर की परेड करेंगे। इस दौरान सीन नदी के किनारे सैकड़ों की संख्या में दर्शक उनकी हौसलाअफजाई के लिये मौजूद रहेंगे।

## ओडिशा और मणिपुर की शानदार जीत

**गुवाहाटी।** दूसरी हॉकी इंडिया सब जूनियर पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप में दूसरे दिन महिला वर्ग में ओडिशा और मणिपुर जीते जबकि पुरुष वर्ग में झारखंड और ओडिशा ने जीत दर्ज की। मौलाना मुहम्मद तैयबुल्लाह हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मैच में महिला वर्ग में ओडिशा हॉकी संघ ने हॉकी बिहार को 7-0 से हराया। वहीं दूसरे मैच में मणिपुर हॉकी ने हॉकी मिजोरम को 4-2 से मात दी। पुरुष वर्ग में मणिपुर हॉकी ने हॉकी बंगाल को 6-0 से हराया। वहीं दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 9-0 से मात दी। ओडिशा हॉकी संघ ने एक अन्य मैच में असम हॉकी को 19-1 से हराया।



## विवाद : हिजाब पहनने पर महिला एथलीट को सेरेमनी से हटाया

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस ओलंपिक खेलों का अभी उद्घाटन भी नहीं हुआ है और उससे पहले ही विवाद खड़े होने लगे हैं। पहले अर्जेंटीना बनाम मोरक्को फुटबॉल मैच चर्चा का केंद्र बना और अब फ्रांस की एक महिला एथलीट को हिजाब पहनने के कारण भेदभाव का शिकार बनना पड़ा है। फ्रांस की धाविका सूनकाम्बा सिला ने बताया है कि उन्हें शुक्रवार को होने वाले उदघाटन समारोह में भाग लेने से रोका जा रहा है। वहीं फ्रेंच ओलंपिक समिति का कहना



है कि वह इस मामले की जांच कर रही है और इसका जल्द समाधान निकाला जाएगा। 26 वर्षीय सूनकाम्बा सिला 400 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली फ्रांस की महिला और मिक्स्ड टीम की सदस्य हैं। उन्होंने उद्घाटन समारोह में एंट्री ना मिलने के प्रति आपत्ति जताते हुए कहा, मेरा ओलंपिक्स के लिए चयन हुआ है, ये खेल मेरे ही देश में हो रहे हैं, लेकिन मैं केवल हिजाब पहनने के चलते उद्घाटन समारोह में भाग नहीं ले सकती। बीते बुधवार फ्रेंच ओलंपिक समिति के अध्यक्ष डेविड लैपार्टिएंट का कहना था कि फ्रांस के एथलीट धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत से बंधे हैं, जो देश के सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों पर लागू होते हैं। इस सिद्धांत के तहत हिजाब पहनने पर प्रतिबंध है।

## एक दूसरे से भिड़ सकते हैं जोकोविच और नडाल

एजेंसी ▶▶ पेरिस

शीर्ष वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच पेरिस ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल से भिड़ सकते हैं। गुरुवार को जारी किए गए ड्रॉ के अनुसार जोकोविच अपने अभियान की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के खिलाफ करेंगे जबकि नडाल का सामना हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स से होगा। इन मैच में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी दूसरे दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे। ओलंपिक की टेनिस



प्रतियोगिता उसी स्थल पर खेली जाएगी जहां फ्रेंच ओपन होता है। नडाल ने अपने 22 ग्रैंड स्लैम खिताब में से 14 खिताब फ्रेंच ओपन के रूप में जीते हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ का सामना पहले दौर में लेबनान के खिलाड़ी हैदी हबीब से



होगा। महिलाओं के वर्ग में पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक पहले दौर में रोमानिया की इरिना कैमेला बेगू से भिड़ेगी जबकि अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ का सामना ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलजानोविच से होगा।

## एंडी मरे एकल से हटे, सिर्फ युगल में खेलेंगे

दो बार के ओलंपिक टेनिस स्वर्ण पदक विजेता एंडी मरे ने गुरुवार को पेरिस खेलों की एकल स्पर्धा से हटने का फैसला किया और वह डैन इवांस के साथ केवल युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। ब्रिटेन के 37 साल के मरे ने कहा कि ये ओलंपिक उनके करियर



का अंतिम टूर्नामेंट होंगे। उन्होंने इस महीने विम्बलडन की एकल स्पर्धा से भी हटने का फैसला किया था और युगल स्पर्धा में भी अपने बड़े भाई जैमी के साथ एक ही मैच खेला था। मरे के हटने की घोषणा ओलंपिक टेनिस स्पर्धा के ड्रा से कुछ देर पहले ही हुई।

### महिला एशिया कप सेमीफाइनल : मैच का प्रसारण दोपहर 2 बजे होगा

## बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार होगा भारत

एजेंसी ▶▶ दाम्बुला

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां एशिया कप सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगी। मैच में शेफाली वर्मा की निगाहें आक्रामक प्रदर्शन करने पर लगी होंगी जबकि स्मृति मंधाना भी बड़ा स्कोर बनाने के लिए बेताब होंगी।

शेफाली ने अभी तक 158 रन बनाए हैं जिससे वह टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। निगार सुल्ताना की टीम के खिलाफ



शेफाली को अच्छी शुरुआत करानी होगी क्योंकि विपक्षी टीम के पास धीमी गति के गेंदबाजों की भरमार है। भारतीय महिला टीम ने सभी तीनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी टीम को मात दी है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सात विकेट से, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ 78 रन से और नेपाल के खिलाफ 82 रन के अंतर से जीत हासिल की। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत कौर जानती हैं कि एशिया कप में सेमीफाइनल और फाइनल ही सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। इसलिए बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट के इस चरण में खतरनाक टीम हो सकती है। भारत के लिए शुरुआत काफी अहम होगी इसलिये शेफाली चाहेंगी कि उनकी सीनियर सलामी जोड़ीदार मंधाना भी अच्छा प्रदर्शन करें।

### दूसरी पारी में पिच हो रही धीमी

भारत के लिए हरमनप्रीत, ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में हैं जबकि हरफनमौला दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकार उनका अच्छा साथ निभाएंगी। दूसरी पारी में दाम्बुला स्टेडियम की पिच काफी धीमी हो रही जिससे भारत इस पिच पर लक्ष्य का बचाव करना चाहेगा। हालांकि सेमीफाइनल दोपहर में होगा।ऑफ स्पिनर दीप्ति ने अब तक तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर राधा यादव से तुलना की जाये तो उनका 4.66 का इकोनोमी रेट भी उतना ही प्रभावशाली रहा है। भारत की नयी गेंद की जोड़ी रेणुका सिंह ठाकुर और पूजा वस्त्रकार ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## एआईसीएफ के पूर्व प्रमुख संजय बने फिडे भारत क्षेत्र के अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के पूर्व प्रमुख संजय कपूर को सर्वसम्मति से गुरुवार को फिडे भारत क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया। देश में खेल की शीर्ष संस्था ने यह जानकारी दी।

अहमदाबाद में एआईसीएफ की आम सालाना बैठक के दौरान यह घोषणा की गई। कपूर को चार साल के लिए क्षेत्र का अध्यक्ष चुना गया और फिडे अध्यक्ष अरकाडी दवोरकोविच ने उन्हें बधाई दी। कपूर की नई भूमिका भारत में शतरंज प्रशासन के लिए अहम पल है जिसमें उन्हें वैश्विक स्तर पर खेल के विकास और प्रगति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर कपूर ने कहा,



'फिडे भारत क्षेत्र का अध्यक्ष चुना जाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

## जन्मदिन से 2 दिन पहले एडीसनल एसपी की मौत



रायपुर। प्रदेश के होनहार अधिकारी एएसपी निमेश बरैया की मौत हो गई। दो दिन बाद उनका 38वां जन्मदिन था। वे हफ्तेभर से अस्पताल में भर्ती थे। परिवार वालों की यह प्लानिंग थी कि उनके अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही घर में उत्साह के साथ उनका जन्मदिन मनाएंगे, मगर जन्मदिन के 2 दिन पहले बुधवार की मध्य रात्रि उनका देहावसान हो गया। 2013 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी निमेश बरैया का जन्म 27 जुलाई 1986 को राजनांदगांव जिले के पदुमतरा में हुआ था। उन्होंने रायपुर एनआईटी से मैकेनिकल में बीटेक किया। फिर पीएससी 2008 परीक्षा में डीएसपी के पद पर चयनित हुए।

## कला साहित्य के पुरोधा शिव कुमार दीपक का निधन



भिलाई। कला, साहित्य के पुरोधा माने जाने वाले शिव कुमार दीपक का गुरुवार को निधन हो गया। वे करीब 91 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को दोपहर 12 बजे पोटिया के मुक्तिधाम में किया जाएगा। लंबे समय तक वे छत्तीसगढ़ी फिल्मों से जुड़े रहे। अपने जीवनकाल में उन्होंने 50 छत्तीसगढ़ी, 2 हिंदी, 2 भोजपुरी और 1 मालवी फिल्म में काम किया। शिव कुमार दीपक चंदैनी गोंदा से चर्चा में आए। इसमें उनके बटोरन लाल को खूब सराहा गया। इसके अलावा एक महिला की भूमिका में कचरा बोदरा के रूप में उनके अभिनय ने प्रशंसा बटोरी। उनका जन्म पोटियाकला में 15 नवंबर 1933 को हुआ। उनके पिता प्रेमसिंह साव थे। शिव कुमार दीपक के बड़े बेटे शैलेष साहू रंगकर्मी हैं।

### एसएलआर व थ्री नॉट थ्री रायफल के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

# ग्रेहाउड्स के जवानों ने छग-तेलंगाना बार्डर पर एक नक्सली को मार गिराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग-तेलंगाना बार्डर में ग्रेहाउंड्स के जवानों ने नक्सल संगठन के एक्शन टीम मेंबर को मार गिराया। गुरुवार सुबह 10 बजे के लगभग तेलंगाना के गुंडाला मंडल के दामरातोगू के जंगलों में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ के बाद जवानों ने पुरुष माओवादी के शव के अलावा एसएलआर व थ्री नॉट थ्री रायफल व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक दामरातोगू के जंगल में डीवीसीएम भद्दू व अन्य कैडर नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद ऑपरेशन लांच किया गया था। गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रेहाउंड्स के जवानों की मौजूदगी को देखते हुए माओवादियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने फायरिंग शुरू कर दी गई। दोनों और से दो घंटे से अधिक समय तक फायरिंग होती रही जिसके बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का आड़ लेते हुए भागने लगे। मुठभेड़ के बाद स्थल की सर्चिंग में जवानों ने एक पुरुष माओवादी का शव बरामद किया जिसकी शिनाख्त नक्सल संगठन के एक्शन टीम मेंबर नल्लामारी अशोक उर्फ विजेंदर के रूप में की गयी है जो वारगंल जिले के बुद्धुराम ग्राम का निवासी बताया जा रहा है। शव के करीब से एसएलआर व थ्री नॉट थ्री रायफल के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। तेलंगाना के भद्राद्री कोट्टागुडेम एसपी रोहित राजू ने बताया कि मुलुगु जिले के सीमावर्ती इलाके में ग्रेहाउंड्स जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ दो घंटे से अधिक समय तक जारी रही। तेलंगाना के गुंडाला मंडल के दामरातोगू के जंगलों में यह मुठभेड़ हुई जिसके बाद कुछ नक्सलियों के समर्पण की भी खबर है। जवानों ने एक माओवादी का शव व भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किया है। वहीं मुठभेड़ में कुछ और नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की भी खबर है।

- दामरातोगू के जंगलों में नक्सलियों व ग्रेहाउड्स जवानों के बीच हुई मुठभेड़



# दुनिया के वो पांच सबसे बड़े प्लेन हादसे, कभी 583 तो कभी 329 की मौत, रूह कंपा देने वाला था मंजर



नई दिल्ली। नेपाल की राजधानी काठमांडू में उड़ान भरते सौर्य एयरलाइंस का प्लेन क्रैश हो गया। हादसे के समय प्लेन में क्रू मेंबर सहित कुल 19 लोग सवार थे। बजाया जा रहा है कि हादसे में 18 यात्रियों की जान चली गई है, जबकि प्लेन के पायलट को गंभीर रूप से घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्लेन हादसों की बात करें तो बीते 54 सालों में 11788 प्लेन क्रैश हो चुके हैं, जिसमें 85 हजार से अधिक यात्री अपनी जान गंवा चुके हैं। वहीं, दुनिया के सबसे बड़े प्लेन क्रैश की बात करें तो यह क्रैश लॉस रोडियोस एयरपोर्ट पर 27 मार्च 1977 को हुआ था। इस क्रैश में पैन एयर और केएलएम एयरलाइंस के प्लेन में आपस में टकरा गए थे। दुनिया की सबसे भयावह हादसों में एक इस हादसे में कुल 583 यात्रियों और क्रू की मृत्यु हुई थी, जिसमें केएलएम के 234 यात्री और 14 क्रू मेंबर शामिल हैं। इस हादसे में पाम पैन के 396 में 335 पैसेंजर्स की मृत्यु हो गई थी।

## माउंटेन से टकराया प्लेन, गई 520 की जान

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हादसा 12 अगस्त 1985 को टोक्यो से करीब 100 किमी की दूर पर हुआ था। इस हादसे में जापान एयरलाइंस की फ्लाइट 123 ने टोक्यो से ओसाका के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के करीब 32 मिनट बाद प्लेन ताकामागहारा माउंटेन से टकरा गया था।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
स्पाईन विभाग
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका • Spine TB (Pott's Spine)
एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा.
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
WORLD RENOWNED ADVANCE ROBOTIC SYSTEM FROM CAMBRIDGE-UK
CMR ROBOTIC SYSTEM
50 से अधिक सफल रोबोटिक सर्जरी
BENEFITS OF ROBOTIC SURGERY
- Reduced post-surgery pain.
- Less blood loss.
- Fewer and smaller scars.
- Faster recovery.
- Shorter hospital stay.
- Less risk of infection.

DR. DEVENDRA NAIK
M.S., MMAS, FMAS, FIAGES
Robotic Surgeon
Chairman-Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges

DR. PUSHPENDRA NAIK
M.S., FMAS,FIAGES, DNB
Liver Transplant & Robotic Surgeon

छत्तीसगढ़ का प्रथम लिवर ट्रांसप्लांट सेंटर
- देश का पहला (जन्मजात एक किडनी वाले मरीज) का सफलतम लिवर ट्रांसप्लांट।
- लप्रोस्कोपिक डोनर लिवर रिसेक्शन सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।
- पूर्णकालिन एवं डेडिकेटेड छत्तीसगढ़ के ट्रांसप्लांट सर्जन की उपलब्धता।
- लिवर की गंभीर बीमारियां जैसे लिवर सिरोसिस, हेपेटाइटिस, अल्कोहलिक लिवर डिजीज का इलाज।
- कैडेवर ऑर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध।

0%* मृत्युदर के साथ उत्कृष्ट किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर
- लेप्रोस्कोपी द्वारा डोनर की नेफ्रेक्टॉमी सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।
- 60 डायलिसीस मशीन के साथ सबसे बड़ा एवं अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट।
- 1.8 लाख से ज्यादा डायलिसिस।
*PERIOPERATIVE

गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क डिलीवरी* नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
ICU भर्ती आयुष्मान कार्ड से
सारे ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
आयुष्मान भारत, ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02




Low ROI @ 7.99%* | Low EMI ₹2351* | IDFC FIRST Bank | Instant Cashback of 5% up to ₹5000## HDFC BANK Credit Card | For dealer details scan the QR Code | For more information give a missed call on 7230032200 | CLICK BOOK RELAX Honda 2Wheelers

*Terms and conditions apply. ##Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. ##Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. ##Valid on one transaction per card/order during the offer period. ##Cashback offer valid until 31st August 2024. ##The scheme is available in select outlets only. *The finance scheme and credit facility will be available solely at IDFC FIRST Bank's (the "Bank") discretion for limited period only. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. #3 years of standard plus 3 years of free extended warranty only on Activa 110cc. #This scheme is offered by authorised main dealers only and can be availed on purchase of Activa 110cc from Authorised main dealers. **Source: Cumulative Sales figure of Brand Activa from June 2001 to June 2024. #Celebration offer is not applicable in Kerala, Bihar, Jharkhand, Orrisa, West Bengal, Arunachal Pradesh, Assam, Meghalaya, Manipur, Mizoram, Nagaland, Tripura and Sikkim. #Terms and condition apply.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com